हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 10 मई 2024
बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया

## शुद्धं बुद्धं महाप्रज्ञामण्डितम् रणपण्डितम् ।

"शुद्ध, जागृत, महान बुद्धि से सुशोभित और युद्ध के मैदान में कुशल"



## वयं राष्ट्र जाग्रयामः पुरोहत

परशु' प्रतीक है पराक्रम का। 'राम' पर्याय है सत्य सनातन का। इस प्रकार परशुराम का अर्थ हुआ पराक्रम के कारक और सत्य के धारक। शास्त्रोक्त मान्यता तो यह है कि परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं, अतः उनमें आपादमस्तक विष्णु ही प्रतिबिंबित होते हैं, परंतु मेरी मौलिक और विनम्र व्याख्या यह है कि 'परशु' में भगवान शिव समाहित हैं और 'राम' में भगवान विष्णु। इसलिए परशुराम अवतार भले ही विष्णु के हों, किंतु व्यवहार में समन्वित स्वरूप शिव और विष्णु का है। इसलिए मेरे मत में परशुराम दरअसल 'शिवहरि' हैं। पिता जमदग्नि और माता रेणुका ने तो अपने पाँचवें पुत्र का नाम 'राम' ही रखा था, लेकिन तपस्या के बल पर भगवान शिव को प्रसन्ना करके उनके दिव्य अस्त्र 'परशु' (फरसा या कुठार) प्राप्त करने के कारण वे राम से परशुराम हो गए। 'परशु' प्राप्त किया गया शिव से। शिव संहार के देवता हैं। परशु संहारक है, क्योंकि परशु 'शस्त्र' है। राम प्रतीक हैं विष्णु के। विष्णु पोषण के देवता हैं अर्थात् राम यानी पोषण/रक्षण का शास्त्र। शस्त्र से ध्वनित होती है शक्ति। शास्त्र से प्रतिबिंबित होती है शांति। शस्त्र की शक्ति यानी संहार। शास्त्र की शांति अर्थात् संस्कार। मेरे मत में परशुराम दरअसल 'परशु' के रूप में शस्त्र और 'राम' के रूप में शास्त्र का प्रतीक हैं। एक वाक्य में कहूँ तो परशुराम शस्त्र और शास्त्र के समन्वय का नाम है, संतुलन जिसका पैगाम है। अक्षय तृतीया को जन्मे हैं, इसलिए परशुराम की शस्त्रशक्ति भी अक्षय है और शास्त्र संपदा भी अनंत है। विश्वकर्मा के अभिमंत्रित दो दिव्य धनुषों की प्रत्यंचा पर केवल परशुराम ही बाण चढ़ा सकते थे। यह उनकी अक्षय शक्ति का प्रतीक था, यानी शस्त्रशक्ति का। पिता जमदग्नि की आज्ञा से अपनी माता रेणुका का उन्होंने वध किया। यह पढ़कर, सुनकर हम अचकचा जाते हैं, अनमने हो जाते हैं, लेकिन इसके मूल में छिपे रहस्य को/सत्य को जानने की कोशिश नहीं करते। परशुराम जयंती' हिंदुओं का एक प्रसिद्ध त्यौहार है। यह पर्व हिंदू कैलेंडर के अनुसार वैशाख माह के शुक्ल पक्ष के तीसरे दिन (तृतीया) को मनाया जाता है। यह त्यौहार पुरे भारत में धूम-धाम से मनाया जाता है। अक्षय तृतीया का प्रसिद्द पर्व भी इसी दिन मनाया जाता है।भगवान परशुराम वैशाख शुक्ल तृतीया के दिन अवतरित हुए भगवान विष्णु के छठे अवतार थे। इन्हें विष्णु का आवेशावतार भी कहा जाता है क्योंकि इनके क्रोध की कोई सीमा नहीं थी। अपने पिता की हत्या के प्रतिशोध स्वरूप इन्हें हैहय वंशी क्षत्रियों के साथ 21 बार युद्ध करने व उनका समूल नाश करने के लिये जाना जाता है। अपने पिता की आज्ञा का पालन करने के लिये इन्होंने अपनी माता सहित अपने सभी भाईयों का शीष धड़ से अलग कर दिया था। हालांकि उन्हें पुनर्जीवित करने का वरदान भी बाद में पिता जमदग्नि से मांगा। इन्हीं परशुराम को भगवान विष्णु के दसवें अवतार जो कि कल्कि के रूप में अवतरित होंगे का गुरु भी माना जाता है। भगवान रामायण से लेकर महाभारत तक भगवान परशुराम के शौर्य की गाथा बहुत ही रोमांचक है। परशुराम जयंती पर आइये जानते हैं उनसे जुड़ी पौराणिक कथाएं। सदियों नहीं युगों पुरानी बात है कि कन्नौज में गाधि नाम के राजा राज्य किया करते थे। उनकी कन्या रूपगुण से संपन्न थी जिसका नाम था सत्यवती। विवाहयोग्य होने पर सत्यवती का विवाह भृगु ऋषि के पुत्र ऋषिक के साथ हुआ। विवाहोपरांत जब ऋषि भृगु ने अपनी पुत्रवधु को वरदान मांगने के लिये कहा तो सत्यवती ने अपनी माता के लिये पुत्र की कामना की। भृगु ऋषि ने दो चरु पात्र देते हुए कहा कि इन दोनों पात्रों में से एक तुम्हारे लिये है और दूसरा तुम्हारी माता के लिये जब तुम दोनों ऋतु स्नान कर लो तो पुत्र इच्छा लेकर पीपल के वृक्ष से तुम्हारी मां आलिंगन करें और तुम गूलर के वृक्ष से। तत्पश्चात अपने-अपने चरु पात्र का सावधानी से सेवन करना। तुम्हारी कामना पूर्ण होगी। सत्यवती की मां को जब पता चला कि उत्तम संतान प्राप्ति के लिये भृगु ने सत्यवती को चरु पात्र दिये हैं तो उसके मन में पाप आ गया और उसने सत्यवती के पात्र से अपना पात्र बदल दिया। इसमें सत्यवती का कोई दोष नहीं था उन्होंने सत्यवती से कहा कि हे पुत्री तुम्हारी माता ने तुमसे छल कर तुम्हारे चरु पात्र का सेवन कर लिया तुम्हारी माता वाले पात्र को तुमने ग्रहण किया। अब तुम्हारी संतान जन्म से भले ब्राह्मण हो लेकिन उसका आचरण एक क्षत्रिय जैसा होगा।

J.J.Ad

भगवान **परशुराम** जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं



पं. अशीष पाण्डेय | पं. मुकुल तिवारी | पं. अभय बरुआ

# एक लोकसभा सीट के लिए दो जिलों में होगी मतगणना, टेबुलेशन शहर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर लोकसभा सीट की चुनाव के बाद वोटों की गिनती दो जिले में होगी। लोकसभा सीट अंतर्गत 8 विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जिसमें से 6 विधानसभा क्षेत्रों के वोटों की मतगणना बिलासपुर में और दो विधानसभाओं के वोटों की गिनती मुंगेली जिला होगी, जिसका डाटा यहां आएगा और टेबुलेशन यहां होगा।

- 6 विधानसभाओं की बिलासपुर व दो विधानसभा की मुंगेली में होगी मतगणना

बिलासपुर लोकसभा का क्षेत्र तीन जिलों तक फैला हुआ है और कुल 2251 मतदान केन्द्र आते हैं। लोकसभा अंतर्गत बिलासपुर जिला के बिलासपुर, बेलतरा, तखतपुर, कोटा, बिल्हा, मस्तूरी मिलाकर 6 विधानसभा शामिल हैं। इसमें 1524 मतदान केन्द्र हैं। इसके अलावा कोटा विधानसभा



अंतर्गत जीपीएम जिला का पेण्ड्रा, गौरेला वाला एरिया भी आता है, जिसमें 64 मतदान केन्द्र हैं। इसी तरह बिल्हा विधानसभा अंतर्गत मुंगेली जिला के पथरिया, सरगांव वाला एरिया आता है, जिसमें 118 मतदान केन्द्र शामिल है। इस तरह इन सभी क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव तहत 7 मई को पड़े वोटों की गिनती 4 जून को बिलासपुर के कोनी स्थित गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज में होगी। इसके अलावा मुंगेली जिला अंतर्गत मुंगेली और लोरमी दो विधानसभा भी बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र में ही आते हैं। यहां पर मुंगेली विधानसभा में 279 मतदान केन्द्र हैं, जबकि लोरमी विधानसभा में 264 मतदान केन्द्र आते हैं। मुंगेली व लोरमी दोनों विधानसभाओं के वोटों की गिनती मुंगेली में होगी। इसके लिए मुंगेली में चातरखार स्थित गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज में स्ट्रांग रूम बनाया गया है, जहां पर उन दो विधानसभाओं के 543 मतदान केन्द्रों की ईवीएम बंद हैं।

इसी तरह बिलासपुर में कोनी स्थित स्ट्रांग रूम में यहां के 6 विधानसभाओं के ईवीएम सील बंद हैं। अब ये स्ट्रांग रूम मतगणना वाले दिन 4 जून को खुलेंगे और उसी दिन स्ट्रांग रूम से ईवीएम बाहर निकाली जाएगी। मुंगेली में जो दो विधानसभा की गिनती होगी, उसका डाटा यहां भेजा जाएगा और मतगणना टेबुलेशन यहां बिलासपुर में होगा।

### लगभग डेढ़ करोड़ बंटेगा मानदेय

लोकसभा चुनाव तहत मतदान ड्यूटी करने वाले मतदान दल के कर्मचारियों, सेक्टर आफिसर्स, पुलिस सेक्टर आफिसर्स व पुलिस के जवान सहित लगभग 8 हजार कर्मचारियों में करीब डेढ़ करोड़ रुपए मानदेय का वितरण होगा। लोकसभा चुनाव में मतदान दल में ड्यूटी करने वाले पीठासीन अधिकारियों को 1200 रुपए और मतदान अधिकारियों को 900 रुपए तथा सुरक्षाकर्मियों को भी 900 रुपए मानदेय मिलेगा, जबकि सेक्टर आफिसर्स को 7 हजार 500 रुपए मानदेय मिलना है। मतदान दलों में ड्यूटी वाले और रिजर्व स्टाफ मिलाकर, सेक्टर आफिसर्स एवं पुलिस बल मिलाकर लगभग 8 हजार कर्मचारियों को मानदेय मिलना है। मानदेय के लिए निर्वाचन आयोग से डेढ़ करोड़ रुपए आया है और मानदेय सीधे कर्मचारियों के बैंक एकाउंट में जमा किया जाएगा, जिसके लिए सेक्टर अधिकारियों से जानकारी मंगाई गई है। वैसे निर्वाचन आयोग की तरफ से जिला निर्वाचन कार्यालय को लोकसभा चुनाव कराने 2 करोड़ रुपए से अधिक का फंड मिला है। इसमें चुनाव ड्यूटी करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को मानदेय का भुगतान किया जाएगा। इसी तरह चुनाव के लिए बड़ी संख्या में निजी वाहनों का भी अधिग्रहण किया गया है उसका तथा निर्वाचन प्रक्रिया की पूरी विडियोग्राफी टीम को भी भुगतान किया जाएगा है। इसके अलावा इंटरनेट, टेलीफोन बिल, बिजली बिल आदि खर्च भी शामिल है।

वनमाली सृजन पीठ की बैठकी में कथाकारों ने किया कथा पाठ

# जो विचारों को भावनाओं में बदलता है, वही साहित्य होता है: जयशंकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वनमाली सृजन पीठ में बैठकी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कथा, कथाकार, स्थानिकता विषय पर कथाकारों ने अपनी कहानियों का पाठ किया। इसमें कुनकुरी कांसाबेल की कुसुम माधुरी टोप्पो ने कपड़े की गठरी विषय पर कहानी का पाठ किया। जिसमें दूरस्थ वनांचल और आदिवासी अंचल में रहने वाली लड़की के जीवन के संघर्ष को बताया गया।

इसी तरह कोरबा के साहित्यकार कामेश्वर में रामलला दर्शन की लॉटरी विषय पर कथा का पाठ किया। जिसे सभी ने खूब सराहा। वहीं रायपुर के वरिष्ठ साहित्यकार आनंद बहादुर ने भेद विषय पर कहानी पाठ किया।




### वरिष्ठ साहित्यकारों का मिल रहा सानिध्यः जायसवाल

इस अवसर पर वनमाली सृजन पीठ के अध्यक्ष और वरिष्ठ साहित्यकार सतीश जायसवाल ने कहा की बैठकी का सिलसिला निरंतर जारी रहेगा। हम प्रदेश ही नहीं देश के वरिष्ठ साहित्यकारों का सानिध्य प्राप्त कर रहे हैं। वनमाली सृजन पीठ युवाओं को मंच देने के लिए भी संकल्पित है। कार्यक्रम का संचालन सुनील चिपड़े ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रदेश और बिलासपुर के साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।

### हिंदी और साहित्य संकट के दौर से गुजर रहा

इस अवसर पर अध्यक्ष के रूप में उपस्थित नागपुर से वरिष्ठ कथाकार जयशंकर ने कहा कि हिंदी और साहित्य संकट के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि विचारों को भावनाओं में बदलता है, वही साहित्य होता है, जो विचारों को भावनाओं में नहीं बदल सकता, वह साहित्य नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि संस्कृति सभ्यता का नैतिक आयाम और सौंदर्य आयाम को साहित्य स्थापित करता है। उन्होंने मृत विषय पर कथा का पाठ किया। जिसमें कथा और कथाकार के बीच कैसा संबंध होना चाहिए पर प्रकाश डाला गया।



# दिव्य अनुभूतियों के साथ आबू से लौटे साधक

**बिलासपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू में 30 अप्रैल से 4 मई तक आध्यात्मिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया था। इसमें शहर के टिकरापारा व राजकिशोरनगर सेवा केन्द्र से जुड़े लगभग 35 साधक शामिल हुए।

सिविल सर्विसेज कोच ज्ञानेश कुमार सहारे ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि पृथ्वी पर स्वर्ग एवं रामराज्य का अनुभव जो मैने किया उसे यदि करना चाहते हैं तो सभी जीवन में एक बार माउंट आबू अवश्य जाएं, क्योंकि यहां पर जो आध्यात्मिक सशक्तिकरण, आंतरिक एवं बाह्य शांति का जो अनुभव किया, उसे मैंने अभी तक के 45 वर्ष की उम्र में किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक केंद्र पर नहीं कर पाया। आंतरिक शांति के लिए कहीं जाने की जरूरत नहीं हैं, स्वयं के भीतर ही उसे पाना होता है। बिना किसी बाह्य नियंत्रण के न तो कोई पुलिस, न कोई सिक्योरिटी गार्ड, प्रत्येक व्यक्ति आत्मानुशासित एवं स्वतः नियंत्रित होकर अपनी जिम्मेदारी एवं कर्त्तव्य को पूर्ण ईमानदारी से निभाते हैं।

# फलों के राजा आम की अंधड़ बारिश के चलते 70 फीसदी सप्लाई हुई कम



**बिलासपुर।** गर्मी के सीजन में हर व्यक्ति को आम का बेसब्री से इंतजार रहता है। आम गर्मी के मौसम का सबसे लोकप्रिय फल है। फलों के राजा आम का स्वाद चखकर लोग वाह वाह करते हैं। आम को हर उम्र के लोग पसंद करते हैं, लेकिन इस बार आम 'खास' हो गए हैं।

मार्च और अप्रैल में बदले मौसम के बीच अंधड़ और बारिश के चलते इसबार आम की फसल को नुकासन पहुंचा है। ऐसे में मई के दूसरे सप्ताह में भी कई वेराइटी के आम बाजारों में नहीं दिख रहे हैं। आम की पैदावार कम होने का असर आम के दाम पर देखने मिल रहा है। बाजार में आम 100 से 150 रूपए किलो तक बिक रहे हैं, जबकि इस महीने तक आम के दाम 60 से 70 रूपए तक पहुंच जाते हैं। तिफरा थोक फल मंडी में वर्तमान में 70 फीसद आम की आवक कम हो गई है। अमूमन आम साउथ से आते हैं, लेकिन अब तक दूसरे प्रदेशों से यहां आम नहीं पहुंच रहे हैं, जबकि इस महीने में लगातार गाड़ियों से आम की आवक बनी रहती थी। अब कुछ गाड़ियों पर आनेवाला आम हाथों हाथ निकल जा रहा है।

मौसम की मार के कारण इस बार आम के कई वेराईटी बाजारों में देखने को नहीं मिल रही है। अभी तक लोकल आम के नाम पर दशहरी भी मंडी तक नहीं पहुंच रहा है। हापुस, लगड़ा सहित कल्मी आम की खेती भी कम हुई है। इसके साथ ही अभी ये आम बार-बार मौसम में बदलाव के कारण पके भी नहीं है। जिसके चलते लोगों को अब तक दशहर और हापुस जैसे आम का स्वाद नहीं मिल पाया है।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने कलेक्टर और एसपी ने की अपील



**बिलासपुर।** कलेक्टर अवनीश शरण ने अक्षय तृतीया पर होने वाले बाल विवाह की संभावना के मद्देनजर बाल विवाह रोकथाम अभियान को सफल बनाने की अपील की है। जिला प्रशासन और यूनिसेफ द्वारा बाल विवाह रोकथाम पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिसमे यूनिसेफ के स्वयं सेवकों द्वारा बाल विवाह की संभावना वाले क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर ने बाल विवाह की सूचना मिलने पर इसकी जानकारी सबंधित विभागों को देने की अपील की है। एसपी रजनेश सिंह ने बाल विवाह रोकथाम के लिए अपील करते हुए इसे गंभीर अपराध बताया और इसकी सूचना विभाग को देने की अपील की।

# साधना सत्र में भाग लेकर लौटीं जागेश्वरी का सम्मान

**बिलासपुर।** गायत्री शक्तिपीठ में गुरुवार को विशिष्ट साधना सत्र मुनस्यारी देवात्मा हिमालय में भाग लेकर लौटी शहर की जागेश्वरी साहू का तिलक-चंदन लगा कर श्रीफल से स्वागत किया गया।

शक्तिपीठ के द्वारिका प्रसाद पटेल ने बताया कि शांतिकुंज हरिद्वार में प्रति माह नौ दिवसीय संजीवनी साधना सत्र एवं युग शिल्पी प्रशिक्षण सत्र निःशुल्क आवास, भोजन व्यवस्था के साथ चलाया जाता है। त्रैमासिक संगीत प्रशिक्षण सत्र, परिब्राजक प्रशिक्षण सत्र, बाल संस्कार शाला प्रशिक्षक प्रशिक्षण सत्र, अतः ऊर्जा जागरण सत्र, विशिष्ट साधना शिविर मुनस्यारी (देवात्मा हिमालय), जीवन प्रबंधन (आर्ट ऑफ लिविंग), तनाव प्रबंधन, नारी चेतना जागरण सत्र, योग स्वास्थ्य शिविर, आपदा प्रबंधन शिविर आदि नैतिक, बौद्धिक, सांस्कृतिक व



आध्यात्मिक जागरण शिविर आयोजित होते हैं। शिविर में भाग लेने के लिए ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं या शांतिकुंज, हरिद्वार उत्तराखंड के नाम से पत्र व्यवहार कर सकते हैं। इसी क्रम में शहर की जागेश्वरी साहू ने विशिष्ट साधना शिविर में भाग लेकर लौटी हैं। इनका शक्तिपीठ में साप्ताहिक सामूहिक साधना के बाद सम्मान किया गया।

## खबर संक्षेप

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जताया आभार

**बिलासपुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने प्रदेश में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में अपनी सहभागिता प्रदान करने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, शासकीय एवं अशासकीय संगठनों, लोकसेवी संस्थाओं और मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया और लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी सहभागिता दी। उन्होंने निर्वाचन कार्य में संलग्न एवं नियोजित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्रीमती कंगाले ने केन्द्रीय सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस बल के प्रति भी आभार व्यक्त किया है। जिन्होंने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन कराने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। उन्होंने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के सभी पत्रकारों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने आम निर्वाचन के दौरान निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों एवं निर्वाचन गतिविधियों के प्रभावी प्रचार-प्रसार के साथ ही मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। श्रीमती कंगाले ने मतदाताओं को जागरुक और मतदान के लिए प्रेरित करने वाले सभी लोगों, शासकीय एवं गैर शासकीय प्रतिभागियों, विभिन्न लोक सेवी संस्थाओं और संगठनों के प्रति भी आभार व्यक्त किया है।



### कमिश्नर ने नए बन रहे कार्यालय की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी



**बिलासपुर।** कोनी में बन रहे नए संभागायुक्त कार्यालय की धीमी कार्य के चलते कमिश्नर डा. संजय अलंग ने संबंधित अफसरों पर जमकर नाराजगी जताई है। उन्होंने अफसरों से इसमें आवश्यक सुधार कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर डॉ.संजय अलंग ने गुरुवार 9 मई को कोनी में बन रहे नए संभागायुक्त कार्यालय भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाकर इस साल के अंत तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। धीमी निर्माण प्रगति पर नाराजगी भी जाहिर की। लगभग सवा 2 एकड़ भूमि कार्यालय भवन के लिए आवंटित किया गया है। बेसमेन्ट सहित दो मंजिला भवन पीडब्ल्यू डी विभाग द्वारा बनाया जा रहा है। राज्य शासन ने इसके लिए लगभग 12 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। अब तक बेसमेन्ट का कार्य पूर्ण हो चुका है। प्रथम मंजिल का निर्माण कार्य जारी है। डॉ. अलंग ने सूक्ष्मता से भवन के विभिन्न हिस्सों का अवलोकन किया और कुछ सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने ठेकेदार एवं अधिकारियों को गुणवत्ता एवं समय-सीमा का ध्यान रखने की हिदायत दी। उन्होंने भवन के सामने सुन्दर गार्डन निर्माण के प्रस्ताव भी तैयार करने के निर्देश उद्यान विभाग के अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता वाईएस गोपाल, ईई सीके पाण्डेय, डिप्टी कमिश्नर अर्चना मिश्रा सहित पीडब्ल्यू विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### कल्याण समिति जीनत विहार की नीलम अध्यक्ष, सत्यनारायणा उपाध्यक्ष

**बिलासपुर।** कल्याण समिति जीनत विहार फेस 2 में आमसभा आयोजित की गई। इसमें पदाधिकारी एंव सदस्यों का चुनाव सभापति आरसी राव की अनुमति लेकर सभा का संचालन किया गया। मुख्य अतिथि सैय्यद अनबन बक्शी एवं पार्षद अब्दुल इब्राहिम खान थे। नए पदाधिकारियों व सदस्यों में सलाहकार - गुलाम खान, अध्यक्ष - नीलम शर्मा, प्रथम उपाध्यक्ष आर सत्यनारायणा, द्वितीय उपाध्यक्ष वी रामा राव, सचिव प्रमोद कुमार, उपसचिव मनोरमा कुमारी, कोषाध्यक्ष महेंद्र गुरु, उपकोषाध्यक्ष - परवेज अली, सदस्य में एस एन हंसदा, वीवी राव, बी माधवी, नाजनिन आयशा, एसके नायक, हेमावती नायक, अब्दुल रहीम, रेखा ब्रह्मा,मधुमिता चक्रवर्ती एवं अब्दुल इब्राहिमन का चयन किया गया।



### सिम्स प्रबंधन की लापरवाही से लिफ्ट बंद, मरीज हो रहे परेशान



**बिलासपुर।** करोड़ों रूपए सिम्स के मेंटनेंस में लगाने के बाद भी अव्यवस्था जस की तस बनी हुई है। हाल ही में सिम्स के लिफ्ट की मरम्मत की गई है, लेकिन इसके बावजूद यह लिफ्ट कभी भी बंद हो जाती है, जिसके चलते मरीज और परिजनों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। खास बात यह है कई बार दवा और पानी के लिए भी परिजनों को सीढ़ियां चढ़ने के लिए मजबूर होना पड़ता है, लेकिन इसके बावजूद सिम्स प्रबंधन की लापरवाही बरकरार है।

### मुंगेली एवं जीपीएम जिले से जाएंगे डाक मतपत्र आज

**बिलासपुर।** मुंगेली एवं जीपीएम जिले से डाक मतपत्र 10 मई को सुरक्षित अभिरक्षा में परिवहन कर जिला कोषालय बिलासपुर स्थित डबल लॉक में शाम 4 बजे सुरक्षित रखा जाना है। निर्वाचन कार्यालय द्वारा अभ्यर्थियों को सूचना दी गई है अभ्यर्थी स्वयं अथवा अपने पूर्व निर्धारित प्रतिनिधि के माध्यम से शामिल हो सकते हैं। डाकमत पत्र के रख-रखाव से संबंधित जानकारी के लिए मुंगेली जिले के डाकमत पत्र नोडल अधिकारी गिरीश रामटेके एवं गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के नोडल अधिकारी सुश्री प्रिया गोयल से संपर्क किया जा सकता है।

### नेशनल लोक अदालत 13 जुलाई को

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 11 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना था, किन्तु लोकसभा निर्वाचन को देखते हुए नेशनल लोक अदालत 11 मई की तिथि में संशोधन किया गया है। अब यह नेशनल लोक अदालत 13 जुलाई को आयोजित होगी। जिन पक्षकार/आवेदकगणों के प्रकरण 11 मई 24 को नेशनल लोक अदालत में न्यायालय के समक्ष सुनवाई के लिए रखे गए थे। वे प्रकरण अब 13 जुलाई को होने वाली नेशनल लोक अदालत में निराकरण के लिए रखा जाएगा।



तापमान

अधिकतम 38.4 डिग्री

न्यूनतम 25.8 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 10 मई 2024


ट्रेनों में जान का खतरा मोल लेकर भी सवार होते हैं यात्री।



## खबर संक्षेप

### परशुराम के जन्मोत्सव पर पूजा-अर्चना आज

**बिलासपुर।** नवयुवक कान्यकुब्ज विकास समिति एवं महिला प्रकोष्ठ द्वारा 10 मई को भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर कान्यकुब्ज भवन इमलीपारा में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके आयोजक ने बताया कि यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। इसमें भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर भोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा। उन्होंने समाज के लिए इस कार्यक्रम में शामिल होने का अनरोध किया है।

### श्री रामानुज आचार्य की 1007 वीं जयंती आज

**बिलासपुर।** यतिराज दिनेश, शेषावतार, भगवान श्री रामानुज आचार्य के 1007 वें जयंती महामहोत्सव पर 10 मई को 150 वर्ष पुराने श्री रामानुज भगवान के मंदिर में श्री रामानुज भगवान का भव्य महाअभिषेक, अर्चना और महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर राधा कृष्ण मंदिर जबडापारा में सुबह 8 बजे से 10.30 बजे तक पूजा अर्चना व अभिषेक किया जाएगा। यह जानकारी अभिनव गोपाल शरण महाराज ने दी।

### आज यहां रहेगी बिजली बंद

**बिलासपुर।** लोकसभा चुनाव के मतदान के बाद बिजली विभाग एक बार फिर लंबित कार्य के लिए बिजली बंद कर मेंटनेंस में जुट गया है। शुक्रवार को तारबहार फीडर के अंतर्गत मरम्मत कराई जाएगी। इस दौरान सुबह 8.30 से बिजली बंद की जाएगी। तोरवा डिवीजन के ईई राजकुमार ने बताया कि बोर्ड परीक्षा और चुनाव के कारण कई कार्य लंबित हैं, जिन्हें पूरा किया जाना आवश्यक हो चुका है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में बारिश होने वाली है, इससे पहले निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा। शुक्रवार को तारबाहर फीडर के अंतर्गत ट्रांसफार्मर चार्ज किया जा रहा है। इस दौरान सुबह 8.30 से 10 बजे तक बिजली बाधित की जाएगी। वहीं इसके चलते तारबहार थाना,घासी दास नगर, डीपूपारा के आसपास के क्षेत्र प्रभावित रहेगा। विभाग के अधिकारियों के अनुसार बंद से पहले उपभोक्ताओं के रजिस्ट्रर्ड मोबाइल पर सूचना प्रेषित की जा रही है।

### टीआई नवरंग होंगे सरकण्डा टीआई

**बिलासपुर।** गुरूवार को एसपी रजनेश सिंह ने सरकण्डा थाना में पदस्थ प्रशिक्षु डीएसपी रोशन आहूजा को थाने से रिलीव कर दिया है। देर रात श्री आहूजा टीआई तोप सिंह को सरकण्डा थाने का चार्ज देकर रिलीव हो गए हैं। पूर्व में एसपी श्री सिंह ने टीआई श्री नवरंग का पुलिस लाइन से सरकण्डा थाना तबादला किया गया था। अब श्री आहूजा 15 दिन लोक अभियोजन कार्यालय व उसके बाद 15 दिन सिविल लाइन सीएसपी आफिस में रहकर कार्यालय का काम सीखेंगे। ज्ञात हो कि सरकण्डा थाना के मालखाना इंचार्ज प्रधान आरक्षक लखन सिंह मेश्राम के खुदकुशी करने के मामले में सर्व आदिवासी समाज ने प्रशिक्षु डीएसपी पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी। वहीं एडीशनल एसपी उमेश कश्यप के नेतृत्व में सीएसपी सिद्धार्थ बघेल के द्वारा उक्त मर्ग की जांच की जा रही है। जांच प्रभावित न हो इसलिए श्री आहुजा का थाने से स्थानातंरण कर दिया गया है।

### युवक पर चाकू से हमला आरोपी गए जेल

**बिलासपुर।** पुरानी रंजिश में युवक पर चाकू से जान लेवा हमला करने वाले तीनों युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि मंगलवार की रात 9.30 बजे महाराणाप्रताप नगर गौर कालोनी निवासी अक्षय सिंह कर यदुनंदन नगर निवासी गुफरान अली, साजिद खान, मोहसीन खान ने हमला कर दिया था। टीआई भारती मरकाम ने बताया धारा 307, 34 के तहत तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# 10 वीं का 63.28% तो 12 वीं का 66.97 % रहा रिजल्ट, दोनों कक्षाओं में छात्राओं ने मारी बाजी

12 वीं का रिजल्ट पिछले साल से 1.27 % कम, 10 वीं में पास होने वाले 1.85 % स्टूडेंट्स बढ़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने गुरुवार दोपहर 12:30 बजे 10 वीं-12 वीं परीक्षा 2023-24 का परिणाम एक साथ घोषित किया। छात्रों की तुलना में इस बार भी छात्राओं ने बाजी मारी। दिन भर शहर से लेकर गांव तक रिजल्ट को लेकर ही चर्चा चलती रही। इस दौरान टॉप करने और अच्छे अंक से पास होने वाले छात्र-छात्राओं परिवार सहित सभी ने जमकर खुशियां मनाई। बोर्ड द्वारा जारी आंकड़ों की मानें तो बिलासपुर जिले में 10 वीं की परीक्षा में इस बार नियमित 23 हजार 349 परीक्षार्थी और 12 वीं में नियमित 19 हजार 3 परीक्षार्थी शामिल हुए हैं। जिसमे दसवीं का परिणाम 63.28 फीसदी रहा है,इसमें छात्राओं का 68.05 प्रतिशत तो छात्रों का रिजल्ट 57.79 प्रतिशत रहा है। इसी तरहा 12 वीं का परिणाम 66.97 फीसदी है। जिनमे 71.22 प्रतिशत और 61.89 प्रतिशत छात्र पास हुए हैं।


मोबाइल में परीक्षा परिणाम की जानकारी लेती छात्राएं।

### 10 वीं में 36 % तो 12 वीं में 33 % फेल

स्कूल शिक्षा विभाग के लाख प्रयासों के बाद भी बोर्ड परीक्षा के परीणाम में बेहतर सुधार नहीं हो सका है। भले ही 10 वीं का परिणाम थोड़ा बढ़ा है। पिछले साल 10 वीं कक्षा में 61.43% पास हुए थे। 38.57 % फेल इस बार 63.28% पास हुए 36.72% बच्चे फेल हो गए है। इसी तरह पिछले वर्ष 12 वीं कक्षा में 68.24% पास हुए थे 31.76 % फेल हुए थे। लेकिन इस बार 12 वीं फेल होने वालों की संख्या बढ़ी इस बार 66.97% पास हुए जबकि 33.03% बच्चे फेल हो गए हैं।

### सर्वर डाउन से परेशान होते रहे छात्र

माशिमं ने जैसे ही दोहपर 12:30 बजे रिजल्ट घोषित किया उसके बाद शहरभर के बोर्ड परीक्षा दिलाए छात्र-छात्राओं ने मोबाइल, लैपटॉप और साइबर कैफे में पहुंच अपना-अपना परीणाम देखना शुरू किया। इस दौरान पूरे प्रदेश से एक साथ रिजल्ट सर्च करने के कारण सर्वर डाउन होने लगा। इससे कुछ घंटो तक परीणाम देखने के लिए छात्र-छात्राओं को परेशान भी होना पड़ा।

### दो दौर में हुआ कॉपियों का मूल्यांकन

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इस बार लोकसभा चुनाव को देखते हुए 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा को होली से पहले ही समाप्त कर दिया। इसके बाद कॉपियों का मूल्यांकन दो चरणों में शुरू हुआ था। पहले चरण में 23 मार्च और दूसरे चरण में 14 अप्रैल तक मूल्यांकन किया गया। बिलासपुर में 2 के साथ पूरे प्रदेश में 36 केंद्र बनाए गए हैं। 32 लाख उत्तर पुस्तिकाओं की जांच के लिए मूल्यांकन में करीब 18 हजार शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी।

### काउंसलर समस्याएं सुनकर दे रहे सलाह

परीक्षा शुरू होने से पहले छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से हेल्पलाइन शुरू की गई थी अब परीणाम से निराश न होने और छात्र-छात्राओं का तनाव दूर करने 1 मई से 15 मई तक 18002334363 हेल्पलाइन नंबर पर विशेषज्ञ, मनोचिकित्सक और दूसरे अधिकारी छात्रों की समस्या सुन रहे और उन्हें मार्गदर्शन देते दे रहे है। उन्हें आगे क्या करना चाहिए इसकी भी सलह विशेषज्ञ दे रहे हैं।

### रिजल्ट स्वीकार करें पालक ये आखिरी नहीं

जिले में इस बार 10वीं, 12वीं का परीक्षा परीणाम बेहतर रहा है। बच्चों को तनाव से दूर रखने के लिए, रिजल्ट से पहले उनकी समस्या सूनी। जिन बच्चों के परीणाम बेहतर आए हैं, उन्हें बधाई लेकिन जिन बच्चों का परीणाम सही नहीं वो डरे,घबराएं बुलकुल नहीं, अभी आगे बहुत मौके है। रिवैलुएशन के साथ ही सप्ली के एग्जाम क्लियर करें। साथ ही अभिभावक बच्चों के रिजल्ट स्वीकार करें, क्योंकि ये आखिरी परीक्षा या रिजल्ट नहीं है।

- **टीआर साहू,** जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर।

### पूरक आने पर छात्रा ने किया आत्महत्या का प्रयास, अस्पताल में भर्ती, खतरे से बाहर

बोर्ड परीक्षा के परीणाम आने के बाद सिरगिट्टी निवासी 17 वर्षीय छात्रा ने 12 वीं कक्षा में पूरक आने पर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे परीजनों ने बिलासपुर जिला अस्पताल में भर्ती किया है। यहां डॉक्टर उसका उपचार कर रहे है। घरवालों ने बताया कि परीणाम आने के बाद छात्रा काफी उदास हो गई थी। उसे कुछ गोलिया खा ली थी। इसके चलते उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में उसे अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों के अनुसार अभी छात्रा खतरे से बाहर है।

### आटो चालक, टीचर और वकील की बेटियों ने बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड रायपुर द्वारा हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी के परीक्षा परिणाम गुरूवार को घोषित किया। टॉप 10 सूची में बिलासपुर की तीन छात्राओं ने अपना स्थान बनाया, इसमें कक्षा 10 वीं में साक्षी साहू ने आठवां तथा प्रिया तिवारी ने नौवां स्थान हासिल किया। कक्षा 12 वीं में वेदांतिका शर्मा को पांचवा स्थान मिला है। बोर्ड के परिणाम के बाद शहर में उत्सव का माहौल है। घर से लेकर इंटरनेट मीडिया में बधाई का सिलसिला आरंभ हो गया है। बिलासपुर जिले में इस वर्ष कक्षा दसवीं में 23670 तथा 12 वीं में 18839 विद्यार्थियों ने बोर्ड की परीक्षा दी थी। बोर्ड द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में इस वर्ष 12 वीं कक्षा में 80.74 और कक्षा दसवीं में 75.6 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित किया है। वही टॉप 10 सूची में इस वर्ष बिलासपुर जिले के तीन विद्यार्थियों ने परचम लहराया है। कक्षा दसवीं में शिक्षा संस्कार पब्लिक स्कूल लोहारसी की छात्रा साक्षी साहू ने 97.50 अंक अर्जित कर आठवां स्थान हासिल किया है। वही शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सकरी की छात्रा प्रिया तिवारी ने 97.33 अंक हासिल कर नौवां स्थान हासिल किया है। इसके अलावा कक्षा 12 वीं में सेंट जोसेफ कॉन्वेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल तारबाहर बिलासपुर की छात्रा वेदांतिका शर्मा ने 96% अंक के साथ पांचवा स्थान हासिल किया है।

## टॉप 10 में बिलासपुर की तीन बेटियां,10 वीं में साक्षी व प्रिया,12 वीं में वेदांतिका ने मारी बाजी

### साक्षी बनना चाहती है डॉक्टर

मस्तूरी विकास खंड के ग्राम पंचायत लोहर्सी में शिक्षा संस्कार पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाली छात्र साक्षी साहू ने सीजी बोर्ड 10 वी कक्षा में 97.50 % के साथ उत्तीर्ण हुई हैं। उसे 600 में से 585 नंबर मिले हैं। साक्षी ने टॉप 10 में आठवां स्थान हासिल किया है। साक्षी के पिता सुरेंद्र साहू सरकारी टीचर हैं। मां हरिप्रिया साहू गृहणी हैं। पिता ने बताया की साक्षी 15 दिन पूर्व उड़ीसा स्थित अपने नाना नानी के घर गई हुई हैं। फोन पर उन्होंने घरवालों से बात की। साक्षी रोज 5 से 6 घंटे पढ़ाई करती थीं।


- 10 वीं में आठवां स्थान साक्षी साहू 600/585 अंक 97 .50% से उत्तीर्ण

### प्रिया को बनना है इंजीनियर

शहर से 9 किलोमीटर दूर शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल सकरी की छात्रा प्रिया साहू ने 10 वीं बोर्ड परीक्षा में टॉप 10 में 9 वां स्थान हासिल किया है। प्रिया के पिता इतवारी साहू पेशे से ऑटो चालक हैं। प्रिया को 10 वीं बोर्ड में कुल प्राप्तांक 600 में 584 अंक 97.33 प्रतिशत मिला है। प्रिया ने बताया कि वे परीक्षा की तैयारी के लिए प्रतिदिन 4- 6 घंटे पढ़ती थीं। मां ने उन्हें हमेशा पढ़ने - लिखने के लिए उत्साहित किया है। प्रिया ने बताया कि वे इंजीनियर बनना चाहती हैं। प्रिया ने अपनी इस सफलता का श्रेय माता-पिता, स्कूल शिक्षकों और अपने परिजनों को दिया है।


- 10 वीं में नौवां स्थान प्रिया साहू 600/584 अंक 97 .33% से उत्तीर्ण

### मिलेगी 50 हजार की अनुदान राशि

प्रिया के पिता ऑटो चालक हैं और श्रम के असंगठित कर्मकार योजना में पंजीकृत हैं। श्रम विभाग के सहयोग से प्रिया को कलेक्टर अवनीश शरण से मिलवाया गया। कलेक्टर ने श्रमायुक्त को विभाग की योजना का परिवार को लाभ दिलाने के निर्देश दिए। जिसके तहत श्रम आयुक्त श्री प्रधान ने 50 हजार रुपए की अनुदान राशि देने की घोषणा की है।



### वेदांतिका बनना चाहती है अफसर

शहर के टिकरापारा क्षेत्र में रहनी वाली छात्रा वेदांतिका शर्मा ने 12 वीं बोर्ड परीक्षा में 500 में 480 नंबर प्राप्त किया और 96 प्रतिशत के साथ प्रदेश में पाचवां स्थान हासिल किया है। वेदांतिका मध्य वर्गीय परिवार से हैं। उनके पिता रमेश शर्मा वकील हैं। वेदांतिका शर्मा सेंट जोसेफ कांवेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल अध्ययनरत हैं। वेदांतिका ने बताया कि उन्होंने स्कूल और कोचिंग सहित घर में 4 से 6 घंटे की पढ़ाई की। वेदांतिका अब सिविल सर्विस में आईएएस अधिकारी बनकर जिले सहित देश कि सेवा करना चाहती हैं।


- 12 वीं में 5 वां स्थान वेदांतिका शर्मा 500/480 अंक 96% से उत्तीर्ण

## लोको पायलटों ने दिया धरना


रेलवे क्षेत्र में धरना देते लोको पायलट।

**बिलासपुर।** रेल इंजनों की गरमी से परेशान सैकड़ों लोको पायलट/सह लोको पायलटों ने गुरूवार को ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर मुंडी गरम प्रदर्शन किया। संयुक्त क्रू लॉबी से बाइक रैली निकालकर डीआरएम व जीएम कार्यालय होते हुए विद्युत लोको शेड बिलासपुर के सामने धरना दिया।

पदाधिकारियों ने बताया कि भारतीय रेल के 15000 इंजनों में कुछ नए इंजनों को छोड़कर अधिकांश में आज भी एसी नहीं लगा है। इंजन कैब का तपमान गर्मियों में 50-55 डिग्री हो जाता है। जो लोको पायलटों व संरक्षा के प्रति रेल प्रशासन की उपेक्षा को दर्शाता है। अनेकों संरक्षा समितियों एवं आरडीएसओ की अनुशंसाओं को भी लागू नहीं किया है। परंपरागत इंजनों में लकड़ी के पटिये वाली सीटें लगी हैं, पैर हवा में लटके रहते हैं। जहां भारत सरकार ने खुले में शौच न करने की व्यापक मुहिम चलाई है, वहीं ड्यूटी के दौरान महिला लोको पायलट भी खुले में शौच करने मजबूर है। उपरोक्त इंजन कैब की परिस्थितियां मिशन जीरो एसपीएडी के लिए सबसे बड़ी बाधा है।

### कर्मचारी ने किया 8 लाख रुपए का गबन

**बिलासपुर।** मेडिकल एजेंसी के कर्मचारी ने बिल में हेराफेरी कर 8 लाख रुपए गबन कर दिया है। पुलिस ने कर्मचारी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, तेलीपारा निवासी आशीष मित्तल मेडिकल काम्प्लेक्स में मेडिकल एजेंसी चलाते है। उनकी एजेंसी में कोंड़ापुरी निवासी योगेश कुमार कम्पयूटर आपरेटर का काम करता था। उसका काम मेडिकल स्टोर संचालकों से आर्डर लेकर बिल तैयार करना था। पिछले कुछ दिनों से श्री मित्तल एजेंसी के स्टाक चेक रहे थे। एजेंसी से दवाईयों की खपत के अनुपात में राशि कम मिली। उन्होंने कम्प्यूटर के लाग बुक की जांच की। आपरेटर ने सप्लाई और बिल में हेराफेरी की है। आपरेटर ने तखतपुर, मानिकपुर, नवागढ़, बघर्रा के मेडिकल स्टोर संचालकों को ज्यादा दवाई की सप्लाई की है। बिल में दवाई की संख्या घटाकर कम राशि का बिल जारी किया है। कर्मचारी ने एजेंसी संचालक को 8 लाख रुपए की चपत लगाई है।

## दुकान जा रहे युवक पर चाकू से हमला, सिम्स में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दुकान जा रहे युवक पर एक बदमाश ने मारपीट करते हुए चाकू से 6 बार जान लेवा हमला कर दिया। घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, चिंगराजपारा लक्ष्मी चौक निवासी विरेनद्र साहू मोहल्ले में ड्रिल मशीन रिपेयरिंग का काम करता है। गुरूवार की सुबह वह घर से खाना खाकर अपनी दुकान जा रहा था। लक्ष्मी चौक के पास घात लगाए खड़े नशेड़ी दुर्गेश साहू उसे रोककर गाली गलौज कर मारपीट करते हुए चाकू से ताबड़तोड़ 6 बार जान लेवा हमला कर दिया है। चाकूबाजी की वारदात से मोहल्ले में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर परिजन ने मौके पर पहुंचकर घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया है। पुलिस ने पिता अलखराम साहू की रिपोर्ट पर हमलावर युवक के खिलाफ धारा 307 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पिता अलखराम ने आरोप लगाया है आरोपी दुर्गेश आदतन नशेड़ी है। उनकी दुकान में बैठकर नशा करते रहता था। इस पर उनके बेटे ने उसे दुकान के पास नशा करने से मना किया था। इसी रंजिश पर दुर्गेश ने उनके बेटे पर जान लेवा हमला किया है।



### सकरी में पेंटर पर चाकू से हमला

सकरी पुलिस के अनुसार, अमेरी आवासपारा निवासी प्रवीण सूर्यवंशी पिता बाबूलाल सूर्यवंशी पेंटर है। 8 मई की रात उसका भाई के साथ विवाद हुआ था। 9 मई की सुबह 9.15 बजे प्रवीण के घर के पास आकर मुकेश उर्फ सनी डहरिया गाली गलौज करने का आरोप लगाकर मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### युवकों ने घर में घुसकर मचाया तांडव

नशेड़ी युवकों ने अटल आवास में जमकर तांडव मचाते हुए घर में घूसकर महिलाओं से लाठी, बेल्ट से मारपीट कर चाकू से हमला कर दहशतगर्दी मचाई। महिलाओं की शिकायत पर पुलिस ने तीन युवकों को थाने में बैठा दिया है। वहीं अन्य युवकों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। मारपीट गुंडागर्दी की वीडियो सोशल मीडिया में जोरों से वायरल हो रहा है। गुरूवार की रात 8.30 बजे अशोकनगर अटल आवास की महिलाएं कहीं जा रही थी। इसी दौरान उनकी नशेड़ी युवकों से कहासुनी हो गई। नशेड़ी युवक ग्रुप बनाकर लाठी, बेल्ट, चाकू से लैस होकर दहशतगर्दी मचाते हुए घरों में घुसकर महिलाओं पर लाठी बेल्ट से मारपीट कर चाकू से हमला करने लगे। नशेड़ियों के दहशतगर्दी से अटल आवास में हड़कंप मंच गया। बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई। उसके बाद भी बेखौफ नशेड़ी महिलाओं के साथ मारपीट करते रहे। लोगों की सूचना पर सरकण्डा थाना की पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंची तब नशेड़ी युवक भागने लगे। पुलिस ने तीन युवकों को पकड़कर थाने में बैठा दिया है।

#### पूर्व में तोरवा बस्ती में हुई थी वारदात

पूर्व में तोरवा बस्ती में 25 से 30 नकाबपोशों ने धावा बोलकर जमकर दहशतगर्दी मचाई थी। लोगों के घर के बाहर रखे कूलर, बिजली मीटर अन्य सामानों में जमकर तोड़फोड़ की गई थी। उसके बाद अब अशोकनगर में दहशतगर्दी की वारदात हुई है। पुलिस का खौफ नहीं होने पर बदमाश बेखौफ होकर दहशतगर्दी मचा रहे हैं।

### जिले में तापमान सामान्य से 5 डिग्री नीचे आया

## गर्मी से राहत...तीन दिनों से तापमान 38 डिग्री पर स्थिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में पिछले 24 घंटे से दिन का तापमान सामान्य 5 डिग्री तक कम है। पारा कम होने के कारण ही दिन में गर्मी से राहत है। रात में भी उमस परेशान नहीं कर रही। अगले 48 घंटों के बाद ही तापमान में बढ़ोतरी होगी। छत्तीसगढ़ के आस-पास अभी भी तीन सिस्टम सक्रिय है। इस वजह से कई इलाकों में बादल छाए रहेंगे और कहीं कहीं गरज चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।

मौसम विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार एक चक्रवाती तूफान उत्तर-पूर्व राजस्थान और आसपास के इलाके सक्रिय है। इसके अलावा एक द्रोणिका उत्तर-पूर्व राजस्थान से यूपी, झारखंड होते हुए पश्चिम बंगाल से असम तक फैली है। एक सिस्टम राजस्थान से मप्र, महाराष्ट्र और उत्तरी आंतरिक कर्नाटक तक फैला है। इन तीनों सिस्टम के असर से ही छत्तीसगढ़ का मौसम बदला हुआ है। गुरुवार को भी जिले में बादल छाए रहे। शुक्रवार से मौसम साफ होने के बाद तापमान में बढ़ोतरी शुरू होगी। उसके बाद ही प्रदेश में गर्मी लोगों को परेशान करेगी। इसबीच गुरूवार को जिले का अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री तो वहीं न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री रिकार्ड किया गया।



### प्रदेश के अधितर जिलों में तापमान 40 डिग्री से कम

राज्य के अधिकतर जिलों में अभी तापमान 40 डिग्री से कम चल रहा है। गुरूवार को राज्य में सबसे अधिक तापमान 40.1 डिग्री रायगढ़ में दर्ज किया गया है। सबसे कम तापमान नारायणपुर में 19.9 डिग्री रिकार्ड किया गया है। रायपुर में 36.6 डिग्री अधिकतम तापमान है जो सामान्य से 5 डिग्री कम है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार दो दिन बाद ही तापमान सामान्य स्तर पर पहुंचेगा। दिन और रात के तापमान में एक साथ क्रमिक बढ़ोतरी होगी। इस दौरान कुछ जगहों पर बारिश होने से वहां तापमान सामान्य से कम ही रहेगा।

NEET एवं JEE एक जूनून है और GOAL इसकी शुरूआत!
GOAL® Educational Services Pvt. Ltd. Nation's Leading Institute
छ.ग. के छात्रों एवं अभिभावकों के बीच सर्वाधिक लोकप्रिय एवं विश्वसनीय संस्थान : GOAL
Congratulations... to all the Students
Passed in 10th & 12th Chhattisgarh Board
Best Wishes for Future Journey...
50% छात्रवृत्ति
12th छ.ग. बोर्ड परीक्षा परिणाम में आये प्रथम 10 विद्यार्थियों के लिए।
DROPPER BATCH NEET / JEE & 9th | 10th | 11th | 12th Admission Open...
1st Batch - 17th May / 2nd Batch - 24th May
BHILAI 166, NEW CIVIC CENTRE, PH- 0788-4013502, 7415884100
BHILAI GOAL GENIUS CAMPUS, RISALI, PH- 0788-4040300, 7772060999
BHILAI 139, ZONAL MARKET, SECTOR-10, PH- 9826943595 0788-4064100
RAIPUR BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711


0%
ZERO % INTEREST
ZERO PROCESSING FEES
ZERO DOWN PAYMENT
ZERO
BANA
HERO
Offer
Amit Furniture
CRAFTED WITH EXCELLENCE
अमित में ही है फायदा
अक्षय तृतीया
की शुभकामनाएं
1.5 TON AC 100% COPPER
मात्र 31,900/-
*5 YEARS COMPLETE WARRANTY
10 YEARS COMPRESS WARRANTY
WITH INSTALLATION
EMI STARTS WITH ₹1888*
A TATA Product VOLTAS
AC & COOLER ALL RANGE
BLUE STAR
BLUE STAR AC ALL RANGE
EMI STARTS WITH ₹2080*
LG Life's Good
LG ALL AC RANGE
EMI STARTS WITH ₹1999*
EMI STARTS WITH ₹2916*
DAIKIN AC ALL RANGE
DAIKIN
IFB
EMI STARTS WITH ₹1922*
EMI STARTS WITH ₹2833*
Whirlpool
UP TO 10-30% OFF
GENERAL AC ALL RANGE
GENERAL
Symphony Thinking of Tomorrow
SYMPHONY COOLER ALL RANGE
EMI STARTS WITH ₹2024*
EMI STARTS WITH ₹922*
SAMSUNG LG Whirlpool VOLTAS beko
REFRIGERATOR ALL RANGE
नियम व शर्तें लागू*
तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद वास्तविक उत्पाद से भिन्न हो सकता है
EASY FINANCE
सभी कार्ड धारको के लिए EMI की सुविधा उपलब्ध*
BAJAJ FINSERV
HDFC BANK
AXIS BANK
standard chartered
SBI card
citi
Bank of Baroda
FEDERAL BANK
kotak
*OFFER ON SELECTED BRANDS * T&C APPLY
अमित सेल्स
श्रीकांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर
फाफाडीह-स्टेट बैंक के पास, रायपुर
जी.ई.रोड-आयुर्वेदिक कॉलेज के सामने, रायपुर
SONY SAMSUNG LG mi ONEPLUS EUREKA FORBES KENT Whirlpool IFB VOLTAS PHILIPS KENSTAR GENERAL KUTCHINA DAIKIN

## खबर संक्षेप

### शुचि ने 10 वीं में 96.2 प्रतिशत प्राप्त किया अंक



**सीपत।** सरस्वती शिशु मंदिर तिलकनगर बिलासपुर की छात्रा शुचि पांडेय ने 10वीं में 96.2 प्रतिशत अंक लाकर जिले को गौरवांवित किया है। शुचि ने हाईस्कूल की परीक्षा में 600 में 577 अंक प्राप्त किया है। शुचि की मां वंदना पांडेय सहायक विकास विस्तार अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं। शुचि बसंत पांडेय की पौत्री है। छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता व गुरुजनों को दिया है।

### क्षितिज 10वीं में 95% अंक प्राप्त कर अव्वल



**करगी रोड कोटा।** डीकेपी हाईस्कूल के 10वीं के छात्र क्षितिज बंजारे ने 95% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। क्षितिज बंजारे के पिता प्रकाश बंजारे शिक्षक व मां रजनी बंजारे गृहणी है। क्षितिज बंजारे ने 10वीं में 95% अंक प्राप्त कर दादा सोहनलाल बंजारे, दादी चंद्रिका देवी व गुरुजन के साथ गोबरीपाट कोटा का नाम रोशन किया है।

## निधन

### नरेश वर्मा



**बिलासपुर।** चकरभाठा निवासी झूलेलाल बस के संचालक स्व. बिहारी मल वर्मा के पुत्र नरेश वर्मा का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 10 मई को चकरभाठा मुक्तिधाम के लिए सुबह 10 बजे निकलेगी। वे नंदलाल, राजेश वर्मा के भाई व गौरव वर्मा के पिता थे।

### लल्ला राम यादव



**बिलासपुर।** ग्राम केकती निवासी लल्ला राम यादव का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम केकती में किया गया। वे विकास यादव, लव कुमार यादव के पिता थे।

## छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दसवीं, बारहवीं बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट किया जारी

# मुंगेली जिले में योगेन्द्र का कमाल, जीपीएम टॉप टेन से बाहर

## परिजन के साथ अपने आदर्श कलेक्टर राहुल देव से मिले योगेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

न्यू जेनेरशन पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल लोरमी के छात्र योगेंद्र साहू ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में टॉपटेन में जगह बनाकर जिले का नाम रोशन किया है। कलेक्टर राहुल देव ने योगेंद्र की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए बधाई, शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

योगेंद्र साहू ने कलेक्टर से चर्चा के दौरान बताया कि उसे 10वीं में 97.50 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है और सूची में उसका नाम 8वें स्थान पर है। योगेंद्र के माता-पिता दोनों शिक्षक हैं। वह जिले के कलेक्टर को ही अपना आदर्श मानता है और वह भी आईएएस बनना चाहता है। इस पर कलेक्टर ने योगेश को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है। इसके लिए लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करना जरूरी है। उन्होंने योगेंद्र साहू के माता-पिता से भी चर्चा कर उन्हें बधाई दी। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी सीके घृतलहरे सहित संबंधित अधिकारी और स्कूल के प्राचार्य मौजूद रहे।



परिजन के साथ कलेक्टर से मुलाकात करते छात्र योगेश साहू।

### दसवीं का छात्र योगेंद्र साहू ने प्रदेश में टॉप टेन में बनाया स्थान

**लोरमी।** नगर के एनजेपी स्कूल का दसवीं का छात्र योगेंद्र साहू प्रदेश में टॉप टेन में स्थान बनाने में सफल रहा। एनजेपी स्कूल का छात्र योगेंद्र साहू में 97.50 के साथ प्रदेश में आठवें स्थान पर रहा। वही जिले में टॉप करने में सफल रहा। ग्राम मनोहपुर निवासी योगेंद्र साहू के माता पिता शासकीय शिक्षक है। योगेंद्र ने सफलता का श्रेय माता पिता व गुरुजन को दिया है।

## बोर्ड परीक्षा में गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला से एक भी छात्र शामिल नहीं

**पेंड्रा ।** इस बार 10वीं 12वीं बोर्ड के रिजल्ट में गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला टॉपर्स की लिस्ट से बाहर रह गया। टॉप 10 में जिले से किसी भी छात्र के शामिल न होने पर अभिभावकों ने सोशल मीडिया पर जिला शिक्षा विभाग के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया है और तरह-तरह से अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त कर रहे हैं। पालकों का कहना है कि जिले में विभाग को शिक्षा के उत्थान और क्वालिटी एजुकेशन में फोकस करना चाहिए। शिक्षा की गुणवत्ता और शिक्षा प्रणाली में आवश्यक पहल करने की जरूरत है। परिणामों से सबक लेने की जरूरत है।

गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में दसवीं में 4225 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें से 2581 छात्र ही परीक्षा में पास हुए हैं। जबकि 1217 परीक्षार्थी फेल हो गए हैं, वहीं 401 परीक्षार्थी सप्लीमेंट्री आए हैं। दसवीं में जिले से 61% परीक्षार्थी ही सफल हुए हैं। इसी तरह 12वीं में 3026 परीक्षार्थियों में से 2198 ही पास हुए हैं। जबकि 482 फेल और 346 परीक्षार्थी सप्लीमेंट्री आए है। जिला शिक्षा अधिकारी जगदीश शास्त्री ने जिले के किसी भी परीक्षार्थी का टॉप 10 में ना आने का खेद व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे शिक्षकों के प्रयास में कुछ कमी रह गई है उसकी समीक्षा करेंगे। आने वाले वर्ष में अच्छे प्रदर्शन का प्रयास करेंगे। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी ने जिन स्कूलों का परफॉर्मेंस अच्छा नहीं रहा है, उन स्कूलों के प्राचार्यों के वेतन वृद्धि रोकने और कारण बताओ नोटिस जारी करने की बात भी कही है। इसके साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी ने परीक्षा में पास सभी विद्यार्थियों को बधाई भी दी है।

### हाई स्कूल का 61.46, हायर सेकेंडरी का उत्तीर्ण प्रतिशत 72.63 रहा

जिले से हाई स्कूल परीक्षा में 4225 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। जिसमें 2581 उत्तीर्ण हुए, 1217 अनुत्तीर्ण एवं 401 विद्यार्थी पूरक हुए। जिले में हाई स्कूल परीक्षा का उत्तीर्ण प्रतिशत 61.46 रहा। ओमकार कैवर्त शास. बहु. उच्च. शाला पेंड्रा का विद्यार्थी 10वीं में 96.67 प्रतिशत अंक के साथ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हायर सेकेंडरी परीक्षा हेतु 3026 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। जिसमें 2198 उत्तीर्ण, 482 अनुत्तीर्ण, 346 पूरक हुए। जिले से हायर सेकेंडरी परीक्षा का उत्तीर्ण प्रतिशत 72.63 रहा। सुहानी शास. उच्च. माध्य. शाला खोंडरी की विद्यार्थी 12वीं में 89 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## 12 वीं की छात्रा पायल सूर्यवंशी प्रथम 10 वीं में अम्बाप्रसाद साहू अव्वल

**लगरा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी विद्यालय पंधी में बोर्ड परीक्षाफल में कई छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल के प्राचार्य संजयशर्मा ने बताया कि सत्र 2023 - 24 में 12 वीं कला संकाय में 50 छात्र उत्तीर्ण हुए। जिसमें पायल सूर्यवंशी प्रथम स्थान पर, परमेश्वरी केंवट द्वितीय, 12 वीं गणित में 7 छात्र पास हुए। भूमिका प्रथम, अमन द्वितीय, विज्ञान संकाय में 21 छात्र उत्तीर्ण हुए अवन्तिका प्रथम, संध्या द्वितीय, वाणिज्य संकाय में 11 उत्तीर्ण हुए, श्रेनु प्रथम, हर्ष वस्त्रकार द्वितीय रहे। ओव्हराल में पायल सूर्यवंशी कला संकाय प्रथम रही है।10 वीं में 48 छात्र उत्तीर्ण हुए, जिसमें अम्बाप्रसाद साहू प्रथम 92.50%, द्वितीय ऋचा केंवट 87% रही है।

## आत्मानंद स्कूल के ईसा राज ने 10 वीं में 82 प्रतिशत अंक किया प्राप्त



**जरहागांव।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल तखतपुर में 10 वीं कक्षा में 82 प्रतिशत से अंक प्राप्त कर ईसा राज ने अपने परिवार के साथ स्कूल व नगर का नाम रौशन किया है। ईसा राज ने सफलता का श्रेय मां के साथ गुरुजनों को दिया है। प्राचार्य मौसमी राबिंसन ने बधाई देकर उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर एड्रियल कुमार, एज्रेल मसीह, हेमलता, लक्ष्मी, प्रेजलिन, अलका मसीह आदि मौजूद रहे।

## आत्मानंद स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट



**मुंगेली।** आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी स्कूल दाऊपारा के शैक्षणिक सत्र 2023-24 का बोर्ड परीक्षा अंग्रेजी व हिन्दी दोनों माध्यम का परिणाम उत्कृष्ट रहा। अंग्रेजी माध्यम में 10वीं का परीक्षा परिणाम 96.72 प्रतिशत, 12वीं का 100 प्रतिशत रहा। 10वीं में प्रथम श्वेता लहरे 96 प्रतिशत, द्वितीय आयुषी उपाध्याय 93.67 प्रतिशत, तृतीय दृष्टि शर्मा 92.17 प्रतिशत, 12वीं में प्रथम आकृति उपाध्याय 87.30 प्रतिशत, द्वितीय सुमुखी सोनी 84.40, तृतीय अंश केशवानी 83.80 प्रतिशत। हिन्दी माध्यम 10वीं का परिणाम 97.22 प्रतिशत रहा। प्रथम स्वीटी पाटले 79.17 प्रतिशत, द्वितीय काजल पात्रे 77.67. प्रतिशत, तृतीय तनु गंधर्व 76.33 प्रतिशत, 12वीं से रिया कुर्रे वाणिज्य संकाय प्रथम 80 प्रतिशत, द्वितीय नम्रता शर्मा 78 प्रतिशत, तृतीय बिकेश्वर मिर्रे जीव विज्ञान संकाय 74.40 प्रतिशत रहे। बीआरसाव शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय के प्राचार्य पीसी दिव्य ने बताया कि हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 92.81 प्रतिशत रहा। हायर सेकण्डरी का परीक्षा परिणाम 95.76 प्रतिशत रहा। विद्यालय में 10वीं में 155 विद्यार्थियों में से 153 ने परीक्षा दिलाई। जिसमें 142 उत्तीर्ण, 9 अनुत्तीर्ण, 4 पूरक रहे। 90 प्रथम श्रेणी, 50 द्वितीय श्रेणी, 2 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी पर रहे। 12वीं में 261 दर्ज विद्यार्थियों में 260 ने परीक्षा दिलाई, जिसमें 249 उत्तीर्ण, 6 अनुत्तीर्ण, 5 विद्यार्थी पूरक आए। 146 विद्यार्थी प्रथम, 93 विद्यार्थी द्वितीय, 10 विद्यार्थी तृतीय स्थान पर रहे। दशरंगपुर के छात्र हर्षित मानिकपुरी पिता धरमदास मानिकपुरी ने हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।

## 68.82 प्रतिशत रहा मुंगेली जिले का ओवरआल परिणाम



**मुंगेली।** हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूल का परीक्षा परिणाम आज जारी हुआ। जिले में 10वीं का परिणाम 68.82 प्रतिशत रहा। जिसमें उत्तीर्ण बालकों का प्रतिशत 64.44, बालिकाओं का प्रतिशत 72.55 रहा। हायर सेकेण्डरी का परीक्षा परिणाम 78.61 प्रतिशत रहा। हाईस्कूल में जिले के टॉपर न्यू जनरेशन पब्लिक स्कूल हायर सेकण्डरी लोरमी के छात्र योगेश कुमार साहू राज्य में 8वां स्थान प्राप्त कर जिले में टॉपर रहे। जिला शिक्षा अधिकारी सीके घृतलहरे ने जिले के हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट व हाई स्कूल परीक्षा परिणाम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष का परिणाम अपेक्षाकृत अधिक रहा। इस वर्ष 10वीं का परिणाम 68.82 प्रतिशत रहा। जबकि पिछले वर्ष का परीक्षा परिणाम 68.81 प्रतिशत रहा। इस वर्ष हायर सेकेण्डरी का परीक्षा परिणाम 78.61 प्रतिशत रहा। जबकि पिछले वर्ष परीक्षा परिणाम 76.87 प्रतिशत रहा। हायर सेकेण्डरी परीक्षा में इस सत्र जिले से 8293 में से 8223 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें बालक 2799, बालिकाएं 3665 उत्तीर्ण रहे। कुल परीक्षार्थी 6464 में से प्रथम श्रेणी में 2767 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। द्वितीय 3377, तृतीय श्रेणी में 320 विद्यार्थी रहे। कुल 6464 विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। पूरक विद्यार्थियों की संख्या 904 है। इस तरह से जिले में परीक्षा परिणाम 78.61 प्रतिशत रहा। हाईस्कूल परीक्षा में इस वर्ष जिले से 11873 विद्यार्थी पंजीकृत थे। जिसमें से 11682 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें प्रथम 3493 विद्यार्थी, द्वितीय 4052, तृतीय श्रेणी में 494 विद्यार्थी सफल हुए। कुल 8039 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। पूरक आने वाले विद्यार्थियों की संख्या 769 रही। इस तरह से जिले में परीक्षा परिणाम 68.82 प्रतिशत रहा।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल का शत प्रतिशत रहा रिजल्ट





**लोरमी।** नगर के स्वामी आत्मानंद एमजेडी शासकीय स्कूल में छत्तीसगढ़ बोर्ड द्वारा संचालित कक्षा 10 वीं, 12 वीं का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। हाई स्कूल से प्रथम स्थान में शैलेश जायसवाल 92.66 प्रतिशत, दूसरा स्थान प्रज्ञा पांडेय 90.33प्रतिशत, तीसरा स्थान में अनिरुद्ध 89.33 प्रतिशत रहा। हायर सेकेंडरी जीव विज्ञान संकाय से प्रथम स्थान में निधि त्रिपाठी 81.2 प्रतिशत, दूसरा स्थान में सोनम सोनी 77.2 प्रतिशत, तीसरा स्थान में शिखा सलूजा। गणित संकाय से प्रथम स्थान में दिया खत्री 85 प्रतिशत, दूसरा स्थान में श्रेयांश गुप्ता 80.4 प्रतिशत, तीसरा स्थान में शौर्य शादिलिया 73.6प्रतिशत, कॉमर्स संकाय से प्रथम स्थान में ध्रुव केशरवानी 89.2 प्रतिशत, दूसरा स्थान में कुमुद श्रीवास 87.8 प्रतिशत, तीसरा स्थान में लक्ष्मी नारायण 70 प्रतिशत रहे। छात्र छात्राओं के उपलब्धियों पर पालक लोकमानी त्रिपाठी, विष्णु सोनी, सतपाल सलूजा, दामोदर खत्र, आनंद श्रीवास, संस्था के प्राचार्य अरूण जायसवाल, व्याख्याता नरेंद्र गिरी गोस्वामी, विष्णु राठौर, बीआर चेलक, वैभव, अंकिता, कंचन कर्मकार, ममता, गरिमा, मोनिका, माहेश्वरी, विजय, प्रणिता दस, दिशान, भूपेंद्र ने हर्ष व्यक्त किया।

## 10 वीं बोर्ड में मस्तूरी की साक्षी साहू ने बनाई टाप टेन में जगह



**मल्हार/मस्तूरी।** ग्राम लोहर्सी के शिक्षा संस्कार पब्लिक स्कूल की छात्रा साक्षी साहू ने 10 वींसीजी बोर्ड में टाप टेन में अपनी जगह बनाई है। साक्षी साहू को 600 नंबर के प्रश्न पत्र में 585 नंबर मिले है। साक्षी साहू ने यह सफलता हासिल कर माता पिता, गुरुजनों, स्कूल का नाम रोशन किया है। साक्षी साहू के पिता सुरेंद्र साहू शासकीय शिक्षक व मां हरिप्रिया साहू गृहणी है। जब साक्षी साहू के बारे में जानकारी ली तो पता चला की साक्षी 15 दिन पूर्व उड़ीसा स्थित अपने नाना नानी के घर गई हुई है। फोन पर बातचीत में बताया की उसको शुरू से ही पढ़ने में रुचि रही है। कक्षा1 ली से 9 वीं तक सभी कक्षाओं में अच्छे अंकों से पास हुई है। वह रोज 6 से 7 घंटे पढ़ाई करती थी। आगे पढ़ लिखकर डाक्टर बनने का लक्ष्य है।वही इस सफलता का श्रेय उसने अपने माता पिता, गुरुजनों और स्कूल को दिया है।

## दसवीं में अंबा 92 व बारहवीं में सुभाषिनी 87 प्रतिशत अंक के साथ क्षेत्र में टॉपर



**सीपत ।** छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा गुरुवार को दसवीं व बारहवीं का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। जिसमें सीपत सुनील शिक्षण संस्थान से दसवीं में अंबा प्रसाद साहू 92. 5 प्रतिशत व बारहवीं से सुभाषिनी साहू 87 प्रतिशत अंक लेकर क्षेत्र में टॉप पर रहे। इसके अलावा दसवीं में राजा साहू 90 प्रतिशत, कुणाल वर्मा 88 प्रतिशत, निर्मला कैवर्त 87 प्रतिशत, रूपेश यादव 85.33 प्रतिशत, सृष्टि पटेल 82. 6 प्रतिशत, अलका कौशिक 81 प्रतिशत, सत्यम साहू व आदित्य साहू का 81 प्रतिशत, कक्षा बारहवी से योगेश साहू 83 प्रतिशत, संजना कैवर्त 82 प्रतिशत, सुमन साहू 81.83 प्रतिशत, अदिति यादव 81 प्रतिशत, रोशनी धीवर 80. 4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। शिक्षक सुनील निर्मलकर ने कहा कि अब इनके सपनों को नई उड़ान मिलेगीपरीक्षा परिणाम आने के बाद शिक्षक ने बच्चों को उनके माता पिता के समक्ष मुंह मीठा कराया। इस दौरान छाया निर्मलकर, शिक्षक हरि साहू उपस्थित रहे।

# गोलबाजार में अक्ती पर्व के लिए रही रौनक



गुड्डे गुड़ियों की लगी दुकानें, बाजार में खरीददारों की भीड़।

**मुंगेली।** अक्ती पर्व के लिए गोल बाजार में रौनक रही। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से काफी संख्या में लोग गुड्डे-गुड़िया, मटके खरीदने पहुंचे। वहीं गुड्डे-गुड़ियों के विवाह रचाने के लिए बाजार तैयार है। 10 से 100 रुपए जोड़े के बावजूद खरीदारों के उत्साह में कमी नहीं रही। शहर व आसपास के लोग अक्षय तृतीय या एक दिन पहले ही खरीदारी करते है। कुम्हारों का कहना है कि दो दिनों से दान-पुण्य किए जाने वाले मटके की बिकवाली हो रही है। इस दिन मटकी में जल दान करने की भी परंपरा है।

अक्षय तृतीया पर गली-मोहल्लों में बच्चे गुड्डे-गुड्डियों का ब्याह रचाएंगे। बाजारों में मिट्टी से बने गुड्डे-गुडियों की खरीदी करते बच्चों को देखा जा रहा है। बसों में शादी ब्याह के चलते यात्रियों की भीड़ देखी जा रही है। अक्षय तृतीया को विवाह के लिए सबसे अच्छा मुहूर्त माना जाता है। जिसके कारण जिले भर में बड़ी संख्या में शादियां हो रही हैं। अक्षय तृतीया पर शादी अधिक होने के कारण पिछले सप्ताह भर से बाजार में अच्छी खासी खरीददारी लोगों द्वारा की जा रही है। जिले भर में इस दिन शादियों की भरमार होने के कारण बसों में भीड़ देखी जा रही है। बाजार में सराफा, कपड़ा, बर्तन, इलेक्ट्रानिक सामान की दुकानों में खरीददारों की भीड़ देखी जा रही है। अक्षय तृतीया को लेकर फिलहाल बच्चों में उत्सुकता है। ग्रामीण अंचलों में इस दिन को विशेष तौर पर आज भी मनाते है। अक्ती के दो दिन पहले बच्चे अपने-अपने गुड्डे गुडियों की शादी के लिए टीन या प्लास्टिक के डिब्बे को बजाते हुए चूलमाटी जाते है। बच्चे महामाया मंदिर व राममंदिर के समीप की मिट्टी लाकर मंडप सजाते है। जबकि गांवों में यह देवी मंदिरों के पास से मिट्टी लाकर मंडप सजाते है। दूसरे दिन देवतेला होता है, जब बच्चे कुछ मंदिरों में जाकर भगवान की पूजा अर्चना करते है। तीसरे दिन बारात व टिकावन होता है। शहर की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में यह पर्व अच्छी तरह से मनाया जाता है। अक्षय तृतीया पर शादी-ब्याह में काम आने वाले मंगल कलश की बिक्री बढ़ गई है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.**

**सूचना-पत्र**

कमांक/क/सीमांकन / रा.नि./ 2024
जूना बिलासपुर दिनांक 09/05/2024

प्रति, 1. प्रजापिता ब्रम्हा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेंटर इंचार्ज ब्रम्हा कुमारी बल्हाल नि. टिकरापारा मंजू पिता शरद चन्द बिलासपुर (आवेदक) 2. अजय सिंह, विजय सिंह (समीपी भूमिस्वामी) 3. सुरेश अय्यर (समीपी भूमिस्वामी) 4. रोमी अरोरा (समीपी भूमिस्वामी) 5. राजेन्द्र अग्रवाल (समीपी भूमिस्वामी) 6. मुन्ना अग्रवाल (समीपी भूमिस्वामी) 7. गौरव माडेकर (समीपी भूमिस्वामी) 8. चोपड़ा जी (समीपी भूमिस्वामी) 9. भुनेश्वर कश्यप, कमला, मिथिलेश (समीपी भूमिस्वामी) 10. सर्वसंबंधित हितबद्ध पक्षकार (समीपी भूमिस्वामी) विषय :- सीमांकन के समय स्थल पर उपस्थित रहने बाबत्। संदर्भ :- न्यायालय अति तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन कमांक/क/तह./वा./2024 बिलासपुर दि. 26.04.24

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक प्रजापिता ब्रम्हा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेंटर इंचार्ज ब्रम्हा कुमारी बल्हाल नि. टिकरापारा मंजू पिता शरद चन्द बिलासपुर द्वारा ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.नं. 36 रा.नि. मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 148/8 रकबा 0.0280हे. भूमि का छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 129 के तहत सीमांकन किए जाने हेतु न्यायालय अति. तहसीलदार बिलासपुर में आवेदन प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 29/05/2024 को समय 11.00 बजे से 5.30 बजे के मध्य किया जाना है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि उक्त नियत तिथि को समय पर स्थल पर भूमि संबंधित समस्त दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें उपस्थित नहीं होने की दशा में सीमांकन कार्य बाधित होने की संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी तथा बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी। टीप आवेदक सीमां चिन्ह स्थित करने हेतु आवश्यक सामाग्री एवं मजदूर की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।

संतोष कुमार देवांगन
राजस्व निरीक्षक, जूना बिलासपुर

**न्यायालय श्रीमान जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**

चन्द्रकांत गुप्ता वगैरह – अपीलार्थीगण
// विरूद्ध //
सुमित कुमार पाल वगैरह उत्तरवादीगण

व्यवहार अपील प्र.क. – 5A | 22.
पेशी दिनांक 18.06.24
आदेश दिनांक 25.04.24
प्रोसेस क्र. 3362

**समंस**

1. सुमित कुमार पाल पिता स्व. निर्मल कांति पाल
2. सुदीप कुमार पाल पिता स्व. निर्मल कांति पाल
3. कुनाल पाल पिता स्व. निर्मल कांति पाल सभी निवासी-इंग्लो मोहल्ला वा तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. –उत्तरवादी क्र. 01, 02, 03

अपीलार्थीगण ने उत्तरवादीगण के विरुद्ध न्यायालय श्रीमान अष्टम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 बिलासपुर के व्य. वादक. 573-अ / 2016 में पारित निर्णय एवं डिकी दिनांक 30.11.2021 के विरूद्ध प्रथम व्यवहार अपील अंतर्गत धारा 96 सहपठित धारा 41 नियम 1 व्य प्रसं. के तहत पेश किया गया है जिसकी पेशी दिनांक 18.06.24: को नियत है। उत्तरवादीगण क्र. 01, 02, 03- को इस समाचार पत्र के द्वारा नोटिस / ईश्तहार प्रकाशन किया जा रहा है। इस प्रकरण में दिनांक 18.06.24 को दिन के 11:00 बजे स्वयं एवं अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति कर जवाब पेश कर प्रकरण के कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी। यदि किसी कारण वश पेशी दिनांक 18.06.26 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्यदिवस को की जावेगी।

अतः आज दिनांक 06.05.2024 मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

दिनांक- 06.05.2024
स्थान- बिलासपुर

श्रीमती नीता यादव
जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)
(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सेक्शन के उपयोग हेतु)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अजय कुमार जय सिंघानी पिता श्री मोहनलाल जय सिंघानी निवासी श्याम नगर रायपुर के नाम पर मौजा लिंगियाडीह प.ह.नं. 31 खेवट नंबर 539 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. में भूमि खसरा नंबर 15/744 रकबा 1500 वर्गफुट स्थित है जिसे श्री चंद्रमणि पटेल पिता श्री राम कुमार पटेल निवासी भरारी जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा खरीदने का पक्का सौदा कर बतौर बयाना राशि दी जा चुकी है। उक्त भूमि की रजिस्ट्री यथाशीघ्र मेरे पक्षकार/ क्रेता के पक्ष में किया जाना है।

अतः उपरोक्त भूमि के क्रय-विक्रय से किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्थान, समिति, शासकीय/ अर्द्धशासकीय कार्यालय, ब्रोकर/ बिल्डर को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मूल दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में दावा/ आपत्ति कर सकता है। समयावधि पश्चात की गई किसी भी प्रकार की दावा/ आपत्ति अमान्य होगी तथा स्वमेव निरस्तकरणीय होगी।

सो सूचना जाने।
दिनांक 08.05.2024

भवदीय
मदनलाल यादव अधिवक्ता
पता- हाउसिंग बोर्ड कालोनी,
परसदा (सकरी) बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9907925514, 9754611420

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अटल आवास, निरतू (तखतपुर), बिलासपुर (छ.ग.) में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक अटल आवास- 256 श्री रमेश कुमार पिता श्री सीताराम के नाम पर नामांतरित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 01.01.2021 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 13.04.2024 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को नाम श्री परमेश्वर यादव पिता श्री दीनदयाल यादव के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/ अर्द्धशासकीय / वित्तीय संस्था / बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण / हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/ आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल के द्वारा वाके मौजा मंगला प.ह.नं. 33 रा.नि.मं. सरकण्डा तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 1425/40 क्षेत्रफल 2100 वर्गफीट जिसके स्वामी रजनी टंडन उम्र 38 वर्ष पति प्रवीण टंडन निवासनी संजयनगर, गौशालापारा अकलतरा जिला-जांजगीर-चांपा छ.ग. है, से क्रय करने का पक्का माहदा किया जा चुका है एवं अग्रीम बयाना राशि भी अदा कर दिया गया है, तथा निकट भविष्य में उक्त भूमि का पंजीयन मेरा पक्षकार कराने वाला है, उक्त संव्यवहार में किसी भी बैंक/सस्था/निकाय आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित प्रस्तुत कर सकता है, समय उपरांत की गई आपत्ति अमान्य होगी।

सो सूचना जाने।
बिलासपुर छ.ग.
दिनांक 10.05.2024

धनंजय मिश्रा, अधिवक्ता
सामुदायिक भवन, जिला न्यायालय परिसर बिलासपुर (छ.ग.)
मो. नंबर-9827955565

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक /Q/ सीमांकन / रा.नि./2024
बिलासपुर, दिनांक- 24/04/2024

प्रति, 1. आवेदक बिसाहू पिता फिरतू आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. भरत खेत्रपाल सा. सरकंडा बंगालीपारा 3. किशोर वर्मा. सा चिल्हाटी 4. जमाल खान

विषय:- सीमांकन में उपस्थिति बाबत। एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार।

संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार / ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/ तह./ना.तह./वा./ 2024 बिलासपुर, दिनांक 09/04/2024

ग्राम चिल्हाटी प.ह.न. 29 रा.नि.म. मोपका तहसील व जिला- बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 232/1, 232/37 रकबा 0.243 हे. 0.243हे हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक. बिसाहू निवासी चिल्हाटी के द्वारा छ.ग.भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 13/05/ 2024 को समय 12:00 बजे से किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज़ के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक मोपका
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अटल विहार योजना चिल्हाटी बिलासपुर में निर्मित ई.डब्ल्यू. एस. भवनों में से भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू. एस. - 149 मूल आबंटी संयुक्त नाम श्री राकेश कुमार सिंह पिता श्री लक्ष्मण सिंह एवं श्री लोकेश कुमार पिता श्री लक्ष्मण सिंह के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 28.04.2022 को पंजीकृत किया गया हैं। आबंटी अपने उक्त भवन को नाम श्री मोरध्वज डनसेना पिता श्री विरेन्द्र कुमार डनसेना को विक्रय करना चाहते है। जिसके लिये विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था / बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)

हरिभूमि 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

बिलासपुर, शुक्रवार 10 मई 2024 haribhoomi.com



# हरिभूमि रण भूमि लोकसभा
## सत्ता संग्राम-2024



लोकसभा चुनाव में इस बार देश के कई राज्यों में मतदान के आंकड़ों को लेकर बहस छिड़ी हुई है। कई राज्यों में मतदान घट गया है, पर सुकून की बात यह है कि छग की कई सीटों पर बंपर वोटिंग हुई हैं। यहां तक कि रायपुर लोकसभा ने भी बाजी मार ली। पिछले चुनाव के मुकाबले यहां वोटिंग का आंकड़ा बढ़ा है। यह सब हुआ है प्रशासन की ऐहतियाती तैयारी और कड़ी मशक्कत के साथ अभिनव प्रयोग से। कलेक्टर गौरव सिंह ने चावल-पाती के साथ मतदाताओं को न्योता देने से लेकर बूथों पर स्वागत-सत्कार जैसे प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने का प्रयास किया, जो सफल रहा।

# देश में घटा मतदान, पर छग में बढ़ा, रायपुर ने भी मारी बाजी, प्रशासन का प्रयोग रहा सफल

### मप्र की राजधानी भोपाल पिछड़ गया, पर छग की राजधानी रायपुर में कमाल, पिछले चुनाव से वोटिंग ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छग में तीसरे चरण की वोटिंग पर नजर डालें तो यह संतोषप्रद है कि पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में राज्य में इस बार 1.31 प्रतिशत वोटिंग बढ़ी है। रायपुर लोकसभा भी वोटिंग प्रतिशत में आगे रहा है। रायपुर लोकसभा में भी इस बार 66.82 प्रतिशत वोटिंग हुई है, जो पिछले चुनाव से 0.82 प्रतिशत अधिक है। जिला प्रशासन ने रायपुर लोकसभा क्षेत्र में वोटिंग का प्रतिशत बढ़ाने जागरूकता अभियान के तहत कई सराहनीय प्रयास किए हैं। इसमें कई जगहों पर बैनर-पोस्टर के साथ स्वीप अभियान के तहत कार रैली, बाइक रैली, नुक्कड़ नाटक, क्रिकेट प्रतियोगिता, घर-घर जाकर पीले चावल व आमंत्रण पत्र देकर भी मतदाताओं को जागरूक किया है। प्रशासन के इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम भी मिले, जिससे रायपुर लोकसभा क्षेत्र में इस बार वोटिंग प्रतिशत में बढ़ोतरी हुई है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने गुरुवार को मतदाताओं को जागरूक और मतदान के लिए प्रेरित करने वाले सभी शासकीय , गैर शासकीय प्रतिभागियों, विभिन्न लोक सेवी संस्थाओं और संगठनों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में इस बार लोकसभा चुनाव 2024 के मतदान प्रतिशत में 1.31 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। प्रदेश में तीन चरणों में हुए मतदान में कुल 72.8 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह प्रदेश में हुए अब तक के लोकसभा चुनावों में मतदान का सर्वाधिक प्रतिशत है।

**प्रदेश में 72.8 % मतदान इस बार 1.31% ज्यादा पड़े वोट**



**तीसरे चरण के मतदान के आंकड़े**

| | |
|---|---|
| सरगुजा | 79.89 |
| रायगढ़ | 78.85 |
| कोरबा | 75.63 |
| दुर्ग | 73.68 |
| जांजगीर-चांपा | 67.56 |
| रायपुर | 66.82 |
| बिलासपुर | 64.77 |




रायपुर लोकसभा क्षेत्र में इस बार कुल 66.82 प्रतिशत वोटिंग हुई है जो पिछले चुनाव की तुलना में .82 प्रतिशत ज्यादा है। रायपुर में सबसे ज्यादा अभनपुर विधानसभा में 81.19 प्रतिशत वोटिंग हुई है, वहीं धरसींवा में 75.64, रायपुर ग्रामीण में 59.24%, रायपुर पश्चिम में 56.65%, रायपुर उत्तर में 57.71%, रायपुर दक्षिण में 61.42%, आरंग में 72.73% वोट पड़े है। इसके अलावा बलौदाबाजार में 73.24% तथा भाटापारा विधानसभा में 69.53 % वोटिंग हुई है।

**रायपुर लोकसभा क्षेत्र में 66.82% वोटिंग अभनपुर में सबसे ज्यादा**

### सकारात्मक प्रयास से बढ़ी वोटिंग : कलेक्टर गौरव सिंह

रायपुर लोकसभा क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत बढ़ा इस पर कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डा. गौरव सिंह ने कहा कि मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए हमने इस बार मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कई आयोजन किए। इन आयोजनों के दौरान पहली बार घर-घर मतदाताओं को पीले रंग वाले चावल और आमंत्रण पत्र (पाती) देकर मतदान केंद्र में जाकर मतदान करने प्रेरित किया है। इस अभियान के तहत जिलेभर में लगभग 7 लाख मतदाताओं के घर-घर जाकर पीले चावल के साथ आमंत्रण पत्र दिया गया। इसके अलावा कार रैली, बाइक रैली, नुक्कड़ नाटक, क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित कर मतदाताओं को मतदान जागरूकता का संदेश दिया।



## सोशल मीडिया

### पित्रोदा को जितने जूते मारें, उतने कम हैं : लक्ष्मण सिंह



मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह फिर सुर्खियों में हैं। उन्होंने पूर्व ओवरसीज कांग्रेस अध्यक्ष सैम पित्रोदा को जूते मारने की बात कह है। लक्ष्मण सिंह ने एक्स पर लिखते हुए कहा कि "सैम पित्रोदा का बयान अत्यंत शर्मनाक है। इसमें जितने जूते मारे उतने कम हैं। "लक्ष्मण सिंह के इस बयान के बाद प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। गौरतलब है, पित्रोदा ने नार्थ ईस्ट, दक्षिण सहित अन्य राज्य के लोगों के रंग पर टिप्पणी की थी, जिसे लेकर विवाद हो गया है, देशभर में उनकी आलोचना हो रही है।

### 'बांटो और राज करो' कांग्रेस की नीति : मुख्यमंत्री योगी



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस को जमकर घेरा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वह कांग्रेस के बुद्धिदाता हैं तो स्वाभाविक रूप से कांग्रेस की 'बांटों और राज करो' की जो नीति है उसी को सैम पित्रौदा आज बयान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि देश को 1947 में बांटने के लिए कांग्रेस जिम्मेदार है। आजादी के बाद भी जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर देश को बांटने का पाप कांग्रेस ने किया है। सैम पित्रौदा का बयान अत्यंत निंदनीय है और यह बयान 140 करोड़ भारतवासियों को अपमानित करने वाला है।

## '15 मिनट नहीं, बस 15 सेकेंड के लिए हट जाए पुलिस तो'

**नवनीत राणा ने दी ओवैसी बंधुओं को चुनौती**



**हैदराबाद।** देश में इन दिनों लोकसभा चुनाव चल रहे हैं। चौथे चरण की वोटिंग से पहले एक बार फिर सियासी लड़ाई हेट स्पीच तक आ पहुंची है। बीजेपी नेता और अमरावती से बीजेपी उम्मीदवार नवनीत राणा ने हैदराबाद में ओवैसी भाइयों को खुली चुनौती दी है। बीजेपी प्रत्याशी माधवी लता के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंची राणा ने कहा, 'छोटा बोलता है कि, पुलिस को 15 मिनट हटा दो तो हम दिखाएंगे की क्या कर सकते हैं। छोटे को मेरा कहना है, तुझे 15 मिनट लगेंगे छोटे, हमको सिर्फ 15 सेकेंड लगेंगे। 15 सेकेंड के लिए अगर पुलिस को हटाया तो छोटे-बड़े को ये पता नहीं लगेगा कि कहां से आया कहां को गया।' बता दें कि एएमआईएम प्रमुख के भाई अकबरुद्दीन ओवैसी ने साल 2013 में दी गई एक हेट स्पीच में कहा था कि अगर पुलिस को 15 मिनट के लिए हटा लिया जाए तो हम 25 करोड़ (मुस्लिम)

### 15 सेकंड नहीं, बल्कि एक घंटा ले लीजिए : ओवैसी

इधर, अमरावती से बीजेपी उम्मीदवार राणा के बयान पर एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने भी पलटवार किया है। ओवैसी ने कहा, 'मैं पीएम मोदी से कह रहा हूं कि आप 15 सेकंड दें। 15 सेकंड नहीं, बल्कि एक घंटा ले लीजिए। प्रधानमंत्री के पास ये अख्तियार है। हम तैयार हैं, हम डरने वाले नहीं हैं। हम भी यह देखना चाहते हैं कि आपमें कितनी इंसानियत बची है। हमको बता दीजिए कहां पर आना है, हम आ जाते हैं।

## 'बीजेपी अभी भी मेरे साथ खड़ी है, यौन शोषण का आरोप झूठा'

**बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूपी के कैसरगंज से बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में महिला पहलवानों से यौन शोषण के आरोप से लेकर बेटे को बीजेपी का टिकट पर बातचीत की। बृजभूषण सिंह ने बेटे के टिकट को लेकर कहा, बीजेपी अभी भी मेरे साथ खड़ी है। अगर पार्टी ने मेरे बेटे को टिकट नहीं दिया होता तो आप कह सकते थे कि पार्टी मेरे साथ नहीं खड़ी है। बता दें कि महिला पहलवानों द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोपों के बीच बीजेपी ने उत्तर प्रदेश की कैसरगंज सीट से बृजभूषण के बेटे करण भूषण को मैदान में उतारा है। बृजभूषण ने कहा, इसे किसी भी तरह से देखा जा सकता है। अपने बेटे को उत्तराधिकारी के रूप में देखना एक पिता के लिए बहुत संतोषजनक है। बृजभूषण छह बार के सांसद हैं।

### 'खुद फांसी पर लटक जाऊंगा'

महिला पहलवानों से यौन शोषण मामले को लेकर बृजभूषण ने कहा, हम इस केस में निर्दोष निकलेंगे। सारे आरोप गलत हैं। कुछ नहीं हुआ है। सिर्फ झूठ ही झूठ है। सच्चाई सामने आएगी। अगर एक भी प्रकरण साबित हो जाएगा कि हां मैंने किसी के साथ कोई शरारत की है तो स्वतः फांसी पर लटक जाऊंगा। जो मेरा पूर्व का बयान है, उसी पर कायम हूं।

**बृजमोहन-विकास कार्यकर्ताओं से ले रहे फीडबैक तो शिव डहरिया परिवार को दे रहे समय**

# चुनाव से लौटे, पर फुर्सत अभी नहीं, सरोज उप्र विजय प्रयागराज और देवेंद्र जाएंगे रायबरेली

*छत्तीसगढ़ में लोकसभा का चुनाव समाप्त होने के बाद भाजपा और कांग्रेस के कुछ प्रत्याशी जहां दूसरे राज्यों में चुनाव प्रचार करने जाने वाले हैं, वहीं कुछ ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलना-जुलना जारी रखा है। रायपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल और विकास उपाध्याय कार्यकर्ताओं से लगातार मिल रहे हैं। पार्टी का निर्देश मिलने पर ये दूसरे राज्यों में चुनाव प्रचार के लिए जाएंगे।*







हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर, भिलाई

दुर्ग लोकसभा के प्रत्याशी विजय बघेल 12 मई से प्रयागराज जाएंगे। कोरबा से चुनाव लड़ने वाली सरोज पांडेय फिलहाल अपने बीमार पिता के साथ हैं। वह जल्द ही उत्तर प्रदेश जाएंगी। राष्ट्रीय संगठन ने उनको वहां जाने के निर्देश दिए हैं। बिलासपुर से चुनाव लड़ने वाले देवेंद्र यादव अभी परिवार के साथ व्यस्त हैं। लेकिन वे भी आज-कल में रायबरेली जाएंगे जहां से राहुल गांधी चुनाव लड़ रहे हैं। जांजगीर चांपा से चुनाव लड़ने वाले कांग्रेस के प्रत्याशी शिव डहरिया परिवार के साथ समय व्यतीत कर रहे हैं। कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ. सरोज पांडेय कोरबा से लौटते समय बिलासपुर महामाया मंदिर में दर्शन करने के बाद बुधवार देर रात रिसाली स्थित अपने घर पहुंची। विश्राम करने के बाद डॉ. पांडेय गुरुवार की सुबह सबसे पहले सेक्टर-9 स्थित अस्पताल में भर्ती अपने पिता श्यामजी पांडेय से मिलने पहुंची। डॉ. सरोज ने अपने पिता से आशीर्वाद लिया और घंटों एकांत में अपने पिता के साथ रही। श्यामजी पांडेय अस्वस्थ हैं और उनका उपचार सेक्टर-9 अस्पताल में जारी है। पिता से मिलने के बाद डॉ. सरोज सेक्टर-9 के विशेषज्ञ चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य को लेकर बातचीत की। अस्पताल से लौटकर डॉ. सरोज ने अपने बड़े भाई राकेश पांडेय, भाभी और बच्चों के साथ समय व्यतीत किया। कुछ एक परिचितों से भी मुलाकात की। जानकारी के अनुसार डॉ. सरोज पांडेय जल्द उत्तर प्रदेश जाएंगी। वहां उन्हें भारतीय जनता पार्टी द्वारा दायित्व दिया गया है उसका निर्वहन करेंगी।

### देवेंद्र अभी परिवार के बीच

बिलासपुर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव बुधवार तकरीबन रात 1:30 बजे भिलाई स्थित सेक्टर-5 पहुंचे। रात को आराम करने के बाद गुरुवार की सुबह देवेंद्र यादव अपनी पत्नी डॉ. श्रुतिका के हाथों बनाया गरमा गरम नाश्ता किया। उसके बाद मां पुष्पा यादव और बेटे राम के साथ समय व्यतीत किया। देवेंद्र ने घर पर बेटे राम के साथ जमकर मस्ती की। दोपहर का भोजन करने के बाद चुनावी थकान मिटाने आराम करना मुनासिब समझा। जानकारी के अनुसार विधायक देवेंद्र यादव आज-कल में रायबरेली उत्तर प्रदेश जाकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी के चुनावी अभियान को गति देंगे।

### विजय बोले- करेंगे गंगा के दर्शन

दुर्ग लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी सांसद विजय बघेल ने बताया, पार्टी के निर्देश पर वे 12 मई को प्रयागराज जा रहे हैं। वहां पर भाजपा के प्रत्याशी के पक्ष में काम करेंगे। उन्होंने कहा, फिलहाल किसी धार्मिक स्थान पर जाने का कार्यक्रम नहीं है, लेकिन प्रयागराज जा रहे हैं तो वहां पर गंगाजी का दर्शन करके डुबकी लगाएंगे।

### बृजमोहन-विकास की कार्यकर्ताओं से चर्चा

*रायपुर लोकसभा का चुनाव निपटने के बाद बृजमोहन अग्रवाल के निवास में कार्यकर्ताओं का तांता लगा हुआ है। लगातार उनसे मिलने के लिए कार्यकर्ता आ रहे हैं और अभी से उनको बधाई दे रहे हैं। सभी एक स्वर में कह रहे हैं कि बड़े अंतर से जीत मिलेगी। श्री अग्रवाल भी आने वाले समय में पार्टी का निर्देश मिलने पर दूसरे राज्य में चुनाव प्रचार के लिए जाएंगे। कांग्रेस के प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने बताया वे अभी तो कार्यकर्ताओं से लगातार मिल रहे हैं, लेकिन जल्द ही पार्टी का निर्देश मिलने पर वे किसी राज्य में चुनाव प्रचार के लिए जाएंगे।*

**तेलंगाना में बोले गृह मंत्री अमित शाह**

# 'राहुल की चाइनीज गारंटी' वर्सेज 'पीएम मोदी की भारतीय गारंटी'

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

लोकसभा चुनाव में चौथे चरण की वोटिंग का वक्त नजदीक आ गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को तेलंगाना के भोंगिर लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित किया और कांग्रेस को सीधे निशाने पर लिया। शाह ने कहा, 2024 का चुनाव राहुल गांधी विरुद्ध नरेंद्र मोदी का चुनाव है। यह चुनाव वोट फॉर जिहाद विरुद्ध वोट फॉर विकास का चुनाव है। यह चुनाव अपने परिवार के कल्याण विरुद्ध देश की जनता के कल्याण का चुनाव है। यह चुनाव राहुल



गांधी की चाइनीज गारंटी के खिलाफ....मोदी की भारतीय गारंटी का चुनाव है। शाह का कहना था कि तृष्टिकरण की जो एबीसी है न, इसका मतलब है- ए से असउद्दीन ओवैसी, बी से बीआरएस, सी से कांग्रेस पार्टी।

### तेलंगाना में इस बार 10 से ज्यादा सीटें जीतेंगे

शाह ने कहा, कांग्रेस पार्टी अपने वादे पूरे नहीं करती है। हालांकि, पीएम मोदी अपनी गारंटी पर कायम हैं। पीएम मोदी ने अनुच्छेद 370 खत्म किया, ताकि अनंत काल तक कश्मीर में तिरंगा लहराता रहे। शाह का कहना था कि 2019 में तेलंगाना की जनता ने हमें 4 सीटें दीं. इस बार हम तेलंगाना में 10 से ज्यादा लोकसभा सीटें जीतेंगे। तेलंगाना में यह डबल डिजिट स्कोर पीएम मोदी को 400 सीटों के पार पहुंचा देगा। कांग्रेस चाहती है- झूठ बोलकर चुनाव लड़ना. वो कहते हैं कि अगर पीएम मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे तो आरक्षण खत्म कर देंगे।

**रायबरेली में प्रियंका गांधी ने साधा निशाना**

# 'बीजेपी की मशीनरी राहुल गांधी के खिलाफ झूठ फैलाने में लगी'

एजेंसी ▶▶ रायबरेली

गांधी परिवार के गढ़ रायबरेली में प्रियंका गांधी चुनाव प्रचार अभियान को धार देने के लिए पहुंची हैं। यहां पर एक जनसभा में प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा की पूरी मशीनरी राहुल गांधी के खिलाफ झूठ फैलाने में लगी हुई है। बीजेपी को टारगेट करते हुए यह भी कहा कि पार्टी धर्म, जाति और मंदिर-मस्जिद के बारे में बोलती है लेकिन असल मुद्दों पर बात करने से बचती है। रायबरेली में प्रियंका ने कहा कि यहां के लोग नेताओं को सही तरीके सा जानते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को



जब इंदिरा गांधी की नीति पसंद नहीं आई तो उन्होंने इंदिरा गांधी को हरा दिया। इंदिरा गांधी गुस्सा नहीं हुईं और उन्होंने आत्ममंथन किया। आपने उनको दोबारा से चुना। यही तो रायबरेली की खासियत है कि वह नेताओं को सही से समझते हैं।

### अंबानी-अदाणी को लेकर भी बीजेपी पर निशाना साधा

प्रियंका ने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि राहुल गांधी अदाणी का नाम नहीं ले रहे हैं। सच्चाई यह है कि राहुल गांधी रोजाना अदाणी के बारे में बात करते हैं। ऐसा लगता है कि पीएम मोदी भी उनका नाम लेने के लिए मजबूर हैं। 'पीएम मोदी के 400 सीटों की जरूरत है इसलिए कांग्रेस अयोध्या में राम मंदिर पर बाबरी ताला नहीं लगा सकती' वाले बयान पर टिप्पणी करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि यह सरासर झूठ है। कांग्रेस ने बार-बार कहा है कि हर कोई सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान करेगा और आगे भी करते रहेंगे।

**वर्तमान लोस अध्यक्ष ओम बिरला तोड़ पाएंगे मिथक, दिलचस्प होगा यह चुनाव**

# 1999 के बाद से कोई स्पीकर दोबारा नहीं पहुंचा संसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राजस्थान में चंबल नदी के किनारे बसा कोटा देश की शैक्षिक राजधानी बन चुकी है, लेकिन राजनीतिक नक्शे पर भी इसकी अहमियत काफी ज्यादा है। कोटा का लोकसभा क्षेत्र भारतीय जनता पार्टी का गढ़ माना जाता है। इस बार बीजेपी ने यहां से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को चुनावी दंगल में उतारा है। वहीं, कांग्रेस पार्टी ने प्रह्लाद गुंजल को टिकट दिया है। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को चुनाव जीतकर फिर से संसद जाना काफी चुनौती भरा हो सकता है। क्योंकि पिछले कुछ चुनाव के आकड़ों पर नजर डालें तो जो कोई भी लोकसभा स्पीकर बना है वह दोबारा से लोकसभा चुनाव जीतकर संसद नहीं पहुंच सका है।

### जीएमसी बालयोगी



अब सबसे पहले बात करतें है जीएमसी बालयोगी की। अक्टूबर 1999 में जब देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी और अटल बिहारी वाजपेयी पीएम थे। तो तेलुगु देशम पार्टी के नेता जीएमसी बालयोगी को लोकसभा का स्पीकर बनाया गया। हालांकि, वे ज्यादा लंबे समय तक स्पीकर के पद पर नहीं रह सके। 3 मार्च 2002 को कैकालुर आंध्र प्रदेश में एक हेलीकॉप्टर हादसे में उनका निधन हो गया।

### मनोहर जोशी



हेलीकॉप्टर हादसे में निधन के बाद अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में शिवसेना के नेता मनोहर जोशी को लोकसभा का स्पीकर चुना गया था। 2 साल 23 दिनों तक स्पीकर रहने के बाद जब साल 2004 में लोकसभा के इलेक्शन हुए तो जोशी मुंबई नॉर्थ सेंट्रल से उम्मीदवार के रूप में खड़े हुए। लेकिन उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा। राजनीति में मजबूत पकड़ के बावजूद वे हार गए।

### सोमनाथ चटर्जी



2004 में यूपीए की सरकार ने दोबारा से सत्ता में वापसी की। तब सबकी सहमति से चटर्जी अध्यक्ष बने। वे पश्चिम बंगाल की बोलपुर लोकसभा सीट से चुनाव जीतकर सदन में पहुंचे थे। साल 2008 में अमेरिका के साथ न्यूक्लियर डील पर पार्टी का विरोध करने पर वे 23 जुलाई 2008 को सीपीएम ने निलंबित हुए। अगस्त 2008 में उन्होंने सरकार का कार्यकाल समाप्त होने के बाद राजनीति को अलविदा कह दिया।

### मीरा कुमार



2009 में यूपीए सरकार ने फिर से सत्ता में वापसी की। मनमोहन सिंह दोबारा से देश के प्रधानमंत्री बने। उन्होंने मीरा कुमार को कैबिनेट में मंत्री बनाया। हालांकि, कुछ दिनों के बाद ही उन्हें लोकसभा का स्पीकर चुन लिया गया। लेकिन 2014 के लोकसभा चुनाव में सासाराम से ही उन्हें बीजेपी के छेदी पासवान से हार का सामना करना पड़ा और वह संसद नहीं पहुंच सकीं।

### सुमित्रा महाजन



2014 में नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने और इंदौर लोकसभा सीट से लगातार 8 बार चुनाव जीतने वाली सुमित्रा महाजन को सर्वसम्मति से स्पीकर बनाया गया। जब साल 2019 के चुनाव में टिकट के बंटवारे को लेकर चर्चा की जा रही थी तो उस समय सुमित्रा की उम्र को देखकर उनके नाम का ऐलान करने में देरी हो रही थी। पार्टी की हिचकिचाहट को देखते हुए सुमित्रा ने खुद ही चुनाव न लड़ने की घोषणा कर दी।

### ओम बिरला



2019 में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनी। इस बार भारतीय जनता पार्टी के कोटा सांसद ओम बिरला को लोकसभा का अध्यक्ष बनाया गया। बीजेपी ने फिर से लोकसभा चुनाव 2024 के लिए ओम बिरला को ही कोटा से टिकट दिया है। उनके सामने बीजेपी से कांग्रेस में शामिल होकर आए प्रहलाद गुंजल से कड़ी टक्कर है। इस सीट पर रोचक मुकाबला होगा।

## दसीं के होनहार

| नाम | प्रतिशत | जिला | स्थान |
|---|---|---|---|
| गामिनी कंवर | 98.00 | कोरबा | पांचवां |
| लुकेश्वर राजपूत | 97.83 | बालोद | छठवां |
| बबीता साहू | 97.83 | बालोद | छठवां |
| वंशिका साहू | 97.83 | राजनांदगांव | छठवां |
| जान्हवी पटेल | 97.83 | सक्ती | छठवां |
| दिमित्रा सिंह | 97.83 | जशपुर | छठवां |
| प्रीति सम्दूर | 97.83 | जशपुर | छठवां |
| रसिना चौहान | 97.83 | जशपुर | छठवां |
| आयुष सोनकर | 97.67 | धमतरी | सातवां |
| प्रेरणा साहू | 97.67 | महासमुंद | सातवां |
| मयंक कोर्राम | 97.67 | कांकेर | सातवां |
| पायल अधिकारी | 97.67 | कांकेर | सातवां |
| अंशिका गुप्ता | 97.67 | बलरामपुर | सातवां |
| उमा बारेथ | 97.67 | जशपुर | सातवां |
| करीना सिंह | 97.67 | जशपुर | सातवां |
| तोशन कुमार | 97.50 | बालोद | आठवां |
| खोमेंद्र कुमार | 97.50 | बालोद | आठवां |
| दुर्गारानी वर्मा | 97.50 | दुर्ग | आठवां |
| साक्षी साहू | 97.50 | बिलासपुर | आठवां |
| योगेश साहू | 97.50 | मुंगेली | आठवां |
| खुशी दुवानी | 97.33 | बालोद | नवमां |
| आर्या कश्यप | 97.33 | दुर्ग | नवमां |
| यशवंत कुमार | 97.33 | दुर्ग- | नवमां |
| शौर्य शुक्ला | 97.33 | गरियाबंद | नवमां |
| रिया साहू | 97.33 | महासमुंद | नवमां |
| देनिशा प्रधान | 97.33 | महासमुंद | नवमां |
| तनिषा सिंह | 97.33 | रायपुर | नवमां |
| प्रिया साहू | 97.33 | बिलासपुर | नवमां |
| वर्षा साहू | 97.33 | कांकेर | नवमां |
| माला बिस्वास | 97.33 | कांकेर | नवमां |
| तान्याश्री मढरिया | 97.33 | कांकेर- | नवमां |
| सलोनी सिंह | 97.33 | जशपुर | नवमां |
| हेमप्रज्ञा साहू | 97.17 | बालोद | दसवां |
| ऋतिक देवांगन | 97.17 | बालोद | दसवां |
| अक्षत सिन्हा | 97.17 | धमतरी | दसवां |
| रिया साहू | 97.17 | दुर्ग | दसवां |
| तेजस नायक | 97.17 | महासमुंद | दसवां |
| बॉबी मिंज | 97.17 | रायपुर | दसवां |
| जागृति प्रजापति | 97.17 | जांजगीर- | दसवां |
| कृतिका कुमारी | 97.17 | कोरबा | दसवां |
| करुणा कैवर्त | 97.17 | रायगढ़ | दसवां |
| बबीता पटेल | 97.17 | रायगढ़ | दसवां |
| राहुल गबेल | 97.17 | सक्ती | दसवां |
| मल्लिका मरकाम | 97.17 | कांकेर | दसवां |
| मोना यादव | 97.17 | जशपुर | दसवां |
| आयुष साहू | 97.17 | जशपुर | दसवां |
| शिप्रा तिवारी | 97.17 | मनेंद्रगढ़-चिरमिरी | दसवां |
| श्रेजल ध्रुव | 97.50 | बेमेतरा | नौवां |

# कामयाबी ने दिए सपनों को पंख...बनना है कलेक्टर, डॉक्टर और इंजीनियर

रायपुर। दसवीं-बारहवीं के टॉप टेन में जगह बनाने वाले होनहारों की कामयाबी ने उनके सपनों को पंख दे दिए हैं। कोई इंजीनियर बनना चाहता है तो किसी का सपना डॉक्टर बनने की है। आईएएस की ख्वाहिश रखने वाले भी कम नहीं हैं। उनके कड़ी मेहनत, जोश और जज्बे को देखकर कहा जा सकता है कि अपने सपनों को मुकाम तक पहुंचाने उनकी कोशिश जारी रहेगी। इन होनहारों ने बातचीत में हरभूमि से खुलकर अपनी ख्वाहिशें रखीं।

## श्रेयांश को मिला शिक्षक के साथ माता-पिता का मार्गदर्शन


10 वीं बोर्ड में हासिल किया छत्तीसगढ़ में तीसरा स्थान

जशपुरनगर। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ने वाले श्रेयांश कुमार यादव ने छत्तीसगढ़ राज्य माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा में 10 वीं बोर्ड में 98.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। श्रेयांश का कहना है कि कड़ी मेहनत से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। उसने कहा की स्कूल के अलावा 6 से 7 घंटे पढ़ाई करके मैंने ये स्थान हासिल किया है। उन्होंने बताया की स्कूल के शिक्षक,ट्यूशन पढ़ने वाले सर, माता-पिता सभी का सहयोग और मार्गदर्शन से मैंने ये स्थान हासिल किया है। घर में भी पढ़ाई का माहौल है क्योंकि बड़े पापा,मेरे पापा, बूआ सभी शिक्षक है सभी का मार्गदर्शन हमेशा मिलता रहता है। आगे और ज्यादा मेहनत करना है और प्रशासनिक सेवा में जाने की इच्छा रखता हूं।

## आयुषी बनना चाहती है चार्टर्ड अकाउंटेंट


12 वीं में छत्तीसगढ़ में पाया तीसरा स्थान

जशपुरनगर । 12 वीं कक्षा में राज्य में तीसरा स्थान लाने वाली आयुषी गुप्ता ने जशपुर जिले का नाम रौशन किया है। आयुषी ने कॉमर्स विषय के साथ 96.80 प्रतिशत लाया है। आयुषी का सपना है कि वह चार्टर्ड अकाउंटेंट बने इसके लिए वह कड़ी मेहनत कर सपना पूरा करने पूरी मेहनत से आगे की पढ़ाई करती रहेगी। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल जशपुर में पढ़ने वाली कक्षा 12 वीं की छात्रा आयुषी गुप्ता ने बताया कि रोजाना पूरी ईमानदारी से कड़ी पढ़ाई कर सफलता हासिल किया है। इसमें परिवार वालों के साथ शिक्षकों का योगदान भी अतुलनीय रहा है। घर में पढ़ाई करने के साथ साथ पढ़ाई के लिए उचित माहौल के लिए उन्होंने लाइब्रेरी का सहारा भी लिया, जहां वह एकांत में पढ़ाई की है। स्कूल के शिक्षकों ने भी उन्हें मार्गदर्शन देने के साथ साथ भरपूर सहयोग किया है। वह आगे जाकर चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना चाहती है। इसके लिए वह पूरी लगन के साथ आगे बीकॉम की पढ़ाई करेगी। पिता मुकेश गुप्ता का सी मार्ट के बगल में चौपाटी है, जहां परिवारजन दिन-रात मेहनत कर परिवार का पालन पोषण करते हैं।

## अर्पिता की ख्वाहिश इंजीनियर बनने की

जशपुरनगर। संकल्प शिक्षण संस्था जशपुर की छात्रा अर्पिता शैली कुजुर ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं बोर्ड की परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त किया है। अर्पिता इंजीनियर बन देश की सेवा करना चाहती है। बताना लाजमी है कि संकल्प जिले के प्रतिभावान आदिम जाति जनजाति से आने वाले छात्रों को बेहतर शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षा के लिए प्रशिक्षण देती है। कांसाबेल विकासखंड के घोघरा ग्राम पंचायत में आनेवाले तिलंगा गांव की अर्पिता 9 वीं से ही संकल्प शिक्षण संस्था के माध्यम से स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल में पढ़ाई करती आ रही है। अर्पिता ने इस सफलता का श्रेय माता पिता ओर संकल्प के शिक्षकों को दिया है जिनके मार्गदर्शन में उसने यह सफलता पाई है। अर्पिता के पिता समीर कुजुर पेशे से शिक्षक हैं और माता मंजू कुजुर हैं।

### पालक शिक्षक, चाहत है प्रोफेसर बनना

बेमेतरा। दसवीं की छात्रा श्रेजल ध्रुव ने 9वां स्थान प्राप्त किया है। श्रेजल प्रोफेसर बनने की इच्छा रखती है। माता-पिता भी शिक्षक ही हैं पिता संतोष ध्रुव पूर्व माध्यमिक शाला उमरिया के शिक्षक हैं तथा माता योगेश्वरी ध्रुव ग्राम ओड़िया में हाई स्कूल में कार्यरत हैं। श्रेजल ने बताया, स्कूल की छात्रा पूजा विश्वास ने उसे सूचना दी कि उसका नाम प्रावीण्य सूची में है। ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल की प्राचार्य अलका तिवारी ने कहा उन्हें इस बात को भरोसा अवश्य ही था कि उनकी स्कूल की छात्रा निश्चित रूप से प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाएगी।

श्रेजल ध्रुव

## प्रावीण्य सूची के होनहार

| नाम | प्रतिशत | जिला | स्थान |
|---|---|---|---|
| हिमांशी | 95.80 | रायपुर | छठवां |
| वेदिका निषाद | 95.60 | कांकेर | सातवां |
| पियुष कुमार | 95.60 | बलरामपुर | सातवां |
| कंकना घरामी | 95.40 | कांकेर | आठवां |
| यमुना | 95.20 | कबीरधाम | नौवां |
| रिफा जावेरी | 95.20 | कबीरधाम | नौवां |
| साहिल खान | 95.20 | बलरामपुर | नौवां |
| नीरज शर्मा | 95.20 | सूरजपुर | नौवां |
| भावना साहू | 95.00 | दुर्ग | दसवां |
| निधि गोगाड | 95.00 | कांकेर | दसवां |

### पिता गांव में शिक्षक सिविल सर्विसेज है लक्ष्य

बालोद। स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय बालोद की छात्रा डॉली साहू ने 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 98.17 प्रतिशत अंक के साथ प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। डॉली के पिता पुषण साहू व्याख्याता हैं। माता-पिता ने डॉली को प्रोत्साहित किया। डॉली साहू ने बताया कि दिन में तीन से चार घंटे की पढ़ाई करती थी। ग्राम कन्नेवाड़ा में शिक्षक के पद पर पदस्थ पिता पुषण साहू ने बताया कि बेटी जो आगे पढ़ना चाहती है, आगे पढ़ाने के लिए तैयार हूं। डॉली साहू ने बताया, आगे की पढ़ाई वह गणित विषय लेकर करेगी। डॉली साहू ने कहा कि वह सिविल सर्विसेज की तैयारी करेगी। मां बिंदिया साहू गृहणी है। मां ने सिर्फ 12वीं तक पढ़ाई की है, लेकिन बेटी को हमेशा प्रेरित किया।

### पिता चलाते हैं बस स्टैंड में फोटोकॉपी दुकान, बनना है प्रोफेसर

बलौदाबाजार। डॉली पटेल ने 12वीं में 95.8 फीसदी अंक लेकर राज्य में छठवां स्थान प्राप्त किया है। एक मध्यम वर्गीय परिवार की छात्रा डॉली के पिता लखन लाल पटेल नया बस स्टैंड परिसर में फोटो कापी दुकान का संचालन करते हैं। माता कुसुम लता पटेल भी उनके काम में हाथ बंटाती है। डाली के 2 छोटे भाई-बहन है। डॉली कहती हैं, वर्षभर सभी विषयों का नियमित एवं गहन अध्ययन किया है। पिता दिनभर व्यस्त होने के बावजूद स्कूल लेने और छोड़ने जाते थे। दसवीं में कुछ अंकों से प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने से चूक जाने के बाद डाली ने तय कर लिया था कि 12वीं में कड़ी मेहनत कर टॉप-10 में जगह बनाएंगी। आगे प्रोफेसर बनने की चाह है।

## पिता कृषि मंडी में कर्मचारी, हौसला बढ़ाते रहा बड़ा भाई

कुरुद। 10वीं बोर्ड में आत्मानंद स्कूल कुरूद से आयुष सोनकर ने 97.67 प्रतिशत संग सातवां स्थान प्राप्त किया है। पिता राजेश सोनकर धमतरी कृषि उपज मंडी में कर्मचारी है। आयुष ने बताया, वह रोजाना चार से पांच घंटे की पढ़ाई करता था। आगे डॉक्टर बनने की चाहत है। परीक्षा के पहले लगभग तीन माह कोचिंग ली। परिवार वालों का बहुत सपोर्ट रहा। मां हमेशा ख्याल रखती थीं। बड़े भाई 12वीं कक्षा में हैं। खुद पढ़ाई करने के साथ उनका भी हौसला बढ़ाते रहा।


आयुष सोनकर

## पिता बनाते हैं मूर्ति, दसवीं में एक अंक से चूका था टॉप-10 में

मगरलोड। 12वीं बोर्ड में शासकीय उमावि भोथीडीह के छात्र समीर चक्रधारी ने 96.60 प्रतिशत अंक लेकर राज्य में चौथा स्थान प्राप्त किया है। समीर ने बताया, वह शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक और सुबह 4 बजे से 8:30 बजे तक पढ़ाई करता था। गणित विषय लेकर 12वीं करने वाले समीर इंजीनियर बनना चाहते हैं। उसने बताया, पेपर के दौरान सोशल मीडिया, मोबाइल से दूर रहा। उसे क्रिकेट खेलना पसंद है। इस बार मेरिट में आने की पूरी उम्मीद थी। पिता पुनेश्वर ने बताया कि उसका मुख्य व्यवसाय मूर्तिकारी के अलावा किसानी है। समीर दसवीं में एक अंक से टॉपटेन में आने से चूक गया था।


समीर चक्रधारी

## सोशल मीडिया से दूरी का मिला फायदा

धमतरी। अक्षत ने मोबाइल का सदुपयोग किया। सोशल मीडिया से दूरी बनाई, लेकिन पढ़ाई के लिए यू-ट्यूब सहित अन्य साइट का उपयोग किया। परीक्षा नजदीक आते ही 5-6 घंटे की पढ़ाई शुरू कर दी। इसका सार्थक परिणाम आया। 97.17 प्रतिशत अंक लेकर वह दसवीं में 10वें स्थान पर है। उनके पिता दिलीप सिन्हा लिमतरा मिडिल स्कूल में गणित शिक्षक है। माता निर्मला सिन्हा रावां स्कूल में पीटीई हैं। माता-पिता दोनों के शिक्षक होने का लाभ अक्षत को मिला। पिता कोर्स का डाउट क्लीयर करते थे, तो वहीं मां रिविजन करवाती थी। अक्षत का लक्ष्य साफ्टवेयर इंजीनियर बनना है। बड़ा भाई विजय सिन्हा रायपुर में बीफार्मा की पढ़ाई कर रहा है।


अक्षत सिन्हा

## सेजेस लाला लाजपतराय में 12 वीं का परीक्षा परिणाम 84.37 %

बिलासपुर। सेजेस लाला लाजपतराय में परीक्षा परिणाम पूरे 12 वीं का 84.37 प्रतिशत रहा। जिसमें 84.46 प्रतिशत वाणिज्य संकाय में अनुष्का पाण्डेय 81.2, प्राची मौर्य 73 प्रतिशत, हर्षिता बाग 73.6 का रहा।

गणित संकाय में 69.2 प्रतिशत रहा। जिसमें नीति राजपूत 86.8 प्रतिशत, ऐरिस महिलांगे 83.8 प्रतिशत, विधि सोनी 78.8 प्रतिशत रही। इसी तरह जीव विज्ञान बायो में का परिणाम 88 प्रतिशत रहा। जिसमें अंकिता सिंह 85.8 प्रतिशत, अंजली देवागंन 80.8 प्रतिशत हासिल किया। 10वीं का परिणाम 91 प्रतिशत रहा। जिसमें रश्मि निर्मलकर 95 प्रतिशत, समृद्धि कश्यप 91.2 प्रतिशत, काजल साव 90. 3 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है।










### जिले का परीक्षा परिणाम

12 वीं बोर्ड का परिणाम

| | |
|---|---|
| पंजीकृत बच्चे | 8812 छात्र 10427 छात्राएं |
| परीक्षा में बैठे | 8665 छात्र 10338 छात्राएं |
| परीणाम जारी | 8662 छात्र 10337 छात्राएं |
| प्रथम श्रेणी | 1562 छात्र 2679 छात्राएं |
| द्वितीय श्रेणी | 3127 छात्र 4205 छात्राएं |
| तृतीय श्रेणी | 671 छात्र 479 छात्राएं |
| पूरक आए | 1080 छात्र 1215 छात्राएं |
| फेल हुए | 2221 छात्र 1759 छात्राएं |
| कुल पास हुए | 5361 छात्र 7363 छात्राएं |
| कला में पास | 1984 छात्र 2825 छात्राएं |
| विज्ञान में पास | 1979 छात्र 3199 छात्राएं |
| कामर्स में पास | 1181 छात्र 1185 छात्राएं |
| कृषि में पास | 210 छात्र 140 छात्राएं |
| ललित कला में | 7 छात्र 1 छात्रा |
| गृह विज्ञान में पास | 00 छात्र 13 छात्राएं |
| पासिंग प्रतिशत | 61.89 % छात्र 71.22 % छात्राएं |

### आईटीआई कोटा में एसटीसी का वितरण प्रारंभ

बिलासपुर। जिले के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोटा में प्रशिक्षण सत्र अगस्त 2013 से प्रशिक्षण सत्र अगस्त 2017 तक व्यवसाय कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा) में प्रशिक्षणरत रहे राज्य व्यवसायिक परीक्षा (एससीव्हीटी) उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के राज्य व्यवसाय प्रमाण पत्र (एसटीसी) वितरण के लिए संस्था में उपलब्ध है। प्रशिक्षण सत्र 2013 से प्रशिक्षण सत्र 2017 तक प्रशिक्षणरत उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी संस्था में उपस्थित होकर प्रशिक्षण शाखा से राज्य व्यवसाय प्रमाण पत्र (एसटीसी) प्राप्त कर सकते हैं। संबंधित छात्र-छात्राओं से अनिवार्य तिथि पर संस्था में उपस्थित होकर प्रमाण पत्र प्राप्त करने कहा गया है।

## बाल देखरेख संस्थाओं को पंजीयन कराना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के सभी शासकीय, स्वैच्छिक, शासन द्वारा अनुदानित एवं गैर अनुदानित बाल देखरेख संस्थाएं जो बच्चों की देखरेख एवं संरक्षण के लिए बाल देखरेख संस्थाओं का संचालन कर रहे हैं। ऐसे संस्थाओं को किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 यथा संशोधित 2021 की धारा 41 के अंतर्गत बाल देखरेख संस्था का पंजीयन कराना अनिवार्य है।

संस्था के पंजीकृत होने एवं संचालन करने पर किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 यथा 2021 की धारा 42 के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने सभी संस्थाओं के संचालकों से 10 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने कहा है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला बाल संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग, बाल संप्रेक्षण गृह परिसर नूतन चौक सरकण्डा बिलासपुर में संपर्क कर सकते हैं। संबंधित संस्थाओं द्वारा पंजीयन नहीं करने पर शासन द्वारा उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। बच्चों के संरक्षण के लिए उनका पंजीयन कराना आवश्यक है अगर ऐसा नहीं किया जाता है तो यह बच्चों की सुरक्षा पर सवाल उठाने वाला होगा। इसलिए संस्थाओं को आगे आकर अपना पंजीयन कराना होगा।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शुक्रवार 10 मई 2024
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



आयोजन

## एवीएम सैनिक स्कूल में वारियर केरियर फेस्ट प्रारंभ



**बिलासपुर।** आधारशिला विद्या मंदिर सैनिक स्कूल द्वारा गुरुवार से वारियर केरियर फेस्ट का आयोजन किया गया है। इसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम होंगे। शुक्रवार 10 मई को पंडवानी गायिका ऋतु वर्मा द्वारा रात्रि 7 से साढ़े 8 बजे तक पंडवानी की प्रस्तुति दी जाएगी। इसी के साथ ग्रुप डांस स्पर्धा एज ग्रूप ए-11 से 15 वर्ष व ग्रुप बी 15-18 वर्ष के विद्यार्थियों के लिए होगी। फैंसी ड्रेस स्पर्धा ग्रुप ए 3 से 6 वर्ष, ग्रूप बी 6 से 12 वर्ष तथा ड्राइंग स्पर्धा ग्रुप ए 5 से 10 वर्ष व ग्रुप बी में 11 से 15 वर्ष के बच्चे भाग ले सकेंगे। आधारशिला विद्या मंदिर में गुरुवार से प्रारंभ वारियर कैरियर फेस्ट में जो अभिभावक अपने बच्चों का सेना में कैरियर बनाने के लिए उत्सुक है उनके लिए यह एक अनूठा अवसर है। ऐसे बच्चों में वीरता, साहस जैसे गुणों का विकास कर सेना के विभिन्न पदों में कैरियर बनाया जा सकता है।

महायोग

## अक्षय तृतीया पर रहेगा गजकेसरी योग



**बिलासपुर।** अक्षय तृतीया के दिन कुबेर देव और मां लक्ष्मी की पूजा का विधान है। इस दिन सोना खरीदने का भी बहुत महत्व माना जाता है। ज्योतिष गणना के अनुसार, इस साल अक्षय तृतीया पर गजकेसरी योग बनने वाला है। हिन्दू पंचांग के अनुसार, वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया के रूप में मनाया जाता है। इस साल अक्षय तृतीया 10 मई, दिन शुक्रवार की पड़ रही है। अक्षय तृतीया के दिन कुबेर देव और मां लक्ष्मी की पूजा का विधान है। इस दिन सोना खरीदने का भी बहुत महत्व माना जाता है। ज्योतिष गणना के अनुसार, इस साल अक्षय तृतीया पर गजकेसरी योग बनने वाला है। ऐसा माना जा रहा है कि लगभग 100 साल बाद अक्षय तृतीया पर गजकेसरी योग का निर्माण हो रहा है। ऐसे में इस योग के बनने से कुछ राशियों को विशेष लाभ होने वाला है। ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स से आइये जानते हैं कि कौन सी हैं वो राशियां।

**इन राशियों के लिए अपार संपति**

### मिथुन राशि

अक्षय तृतीया पर बनने वाले गजकेसरी योग के कारण मिथुन राशि के जीवन में किसी मित्र का आगमन हो सकता है। धार्मिक कार्य करने पर सुखों का आगमन हो सकता है और साथ ही, धन लाभ के भी योग हैं। अगर नौकरी बदलना चाहते हैं तो अक्षय तृतीया के बाद नौकरी बदल सकते हैं, आपको फायदा होगा।

### सिंह राशि

सिंह राशि के जातकों को अक्षय तृतीया के दिन बनने वाले गजकेसरी योग के कारण कारोबार में बड़ा लाभ होगा। आपको व्यापर में उन्नति प्राप्त होगी। अगर आप नौकरीपेशा हैं तो आपके लिए अक्षय तृतीया के बाद का समय बहुत शुभ रहेगा।

समर कैंप

## खेल-खेल में सीख रहे हैं बच्चे संस्कार-अनुशासन



**बिलासपुर।** ग्रीष्मक़ालीन अवकाश में बच्चे संस्कार-अनुशासन,मौज -मस्ती के साथ पढ़ाई और मेधावी होने के तरीके इस्कॉन बिलासपुर चैप्टर द्वारा आयोजित इस वर्ष बच्चों की गर्मियों की छुट्टी को सदुपयोग में लाते हुए समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने अपने प्रतिभा को निखारते हुए नई-नई चीजे सीख रहे हैं। इसमें बच्चों को पूजा पाठ, मेहंदी, चित्रकला, पेंटिंग-डांसिंग ,हैंडराइटिंग में सुधार सहित कई स्किल्ड कोर्स के साथ -साथ संस्कार सिखाए जा रहे हैं। बच्चे अवकाश में खाली समय में भी अपनी भाषा और संस्कृति के बारे में नयी नयी विधाएँ सीख रहे हैं। मोबाइल से दूर होकर पढ़ाई और लक्ष्य पर ध्यान देने और तनाव मुक्त रहने की कला सीख रहे हैं। आज के समय में कंप्यूटर व मोबाइल से हैंडराइटिंग भी सही नहीं हो रही है इसे सुधारने बच्चों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। 7 दिन चलने वाले शिविर में 52 बच्चों ने भाग लिया, बच्चों को गीता के श्लोक की जीवन में क्या उपयोगिता है,बखूबी इस्कान के महात्मा प्रिय प्रभु दास द्वारा एवं अन्य मोटीवेटर स्पीकर द्वारा बताया गया।

समग्र ब्राम्हण समाज और परशु सेना द्वारा भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आगाज गुरुवार से हो गया है। प्रथम दिवस लोखंडी स्थित अंचल के प्रथम श्री परशुरामजी मंदिर में आदमकद प्रतिमा की पूजा, महाआरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं प्रार्थना भवन जल संसाधन कार्यालय में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें समाज के युवाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर रक्तदान किया।



# भगवान परशुराम की पूजा कर की गई महाआरती

## शिविर में युवाओं, महिलाओं ने किया रक्तदान / समग्र ब्राम्हण समाज और परशु सेना का आयोजन

**बिलासपुर।** इस दौरान बड़ी संख्या में जुटें विप्रजनों ने भगवान के जयकारे के साथ भगवान परशुराम की जीवन गाथा पर प्रकाश डाला गया एवं उनके द्वारा दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इसके अलावा आगामी सभी कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में शामिल होकर जन्मोत्सव कार्यक्रम को धूमधाम से मनाने का भी संकल्प लिया गया। इस दौरान सभी विप्रजनों ने मंदिर परिसर में निर्माणाधीन आशीर्वाद भवन का अवलोकन किया एवं सराहना की।

इस अवसर पर कान्य कुब्ज ब्राह्मण विकास मंच छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष बी.के. पांडेय, पूर्व विधायक शैलेष पांडेय, चन्द्रप्रकाश बाजपेयी, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ल, डा. चीका बाजपेयी, विनय शर्मा, राजा तिवारी, निश्चल शुक्ल एसडीओ फारेस्ट कोटा, बंशीलाल गौरहा, सुदेश दुबे, जीतू चौबे, श्रेयश अवस्थी, रोहित मिश्र, सिद्धांत दुबे, डा. प्रदीप शुक्ल, ई. आलोक त्रिवेदी, ई. विशेषता त्रिवेदी, राजेश पांडेय, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष अमित तिवारी, शाश्वत तिवारी, रामशंकर शुक्ल, आदित्य त्रिपाठी, बसंत बाजपेयी, रश्मिलता मिश्रा, मनोहर लाल मिश्र, सुरेन्द्र तिवारी, अमित मिश्र, संजय मिश्र, डा.गिरधर शर्मा, छत्तीसगढ़ी फिल्म कलाकार सुनील दत मिश्र, सच्चिदानन्द तिवारी, सुशील धर दीवान, गोल्डन बाजपेयी, प्राजल तिवारी, अंकुश चौधरी, अभिषेक गौतम, आरती दुबे, शर्मिला मिश्र, नमिता बाजपेयी, भावना मिश्रा, सरिता शुक्ला, हेमलता तिवारी, शिव बाजपेयी, एसके शुक्ल, ब्रजेश गौरहा, राधेश्याम शुक्ल, राजीवरत्न तिवारी, गौरव शुक्ल, बलीराम पांडेय, यू.के तिवारी, अवनीश शुक्ल, रवीश त्रिपाठी, सारव त्रिपाठी, अनिरुद्ध मिश्र, अनंत मिश्र, वैभव अवस्थी, आशीष पांडेय, संदीप शुक्ल, प्रतीक तिवारी, प्रभात अवस्थी, संदीप बाजपेयी, अभिषेक मिश्र सहित बडी संख्या में विप्रजन शामिल रहे।

### आज हवन, महाआरती, कल निकलेगी शोभायात्रा

शुक्रवार 10 मई को कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज भवन में भगवान परशुराम की पूजा और प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इसके अलावा राजकिशोर नगर में भगवान परशुराम की प्रतिमा की पूजा-अर्चना और शाम को महाआरती की जाएगी। श्यामा टेंट हाऊस सीपत रोड सरकंडा में भगवान परशुराम की महाआरती कर भंडारा का आयोजन किया जाएगा। अंत में परशुराम चालीसा का वितरण किया जाएगा। 11 मई को शीतला माता मंदिर दयालबंद से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसका पं.देवकीनंदन दीक्षित स्कूल में धर्मसभा के रूप में समापन होगा। इस अवसर पर मंचीय कार्यक्रम, भजन संध्या और महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।



### शिविर में मिला 51 यूनिट रक्त

दोपहर में प्रार्थना सभा कक्ष में समग्र ब्राम्हण एकता मंच के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सर्व समाज के लिए 51 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर में प्राप्त रक्त जरूरतमंद लोगों के बेहतर स्वास्थ्य और जीवन रक्षा के लिए काम आएगा। समाज के लोगों ने बताया कि भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम को सार्थक करने के लिए समाज द्वारा विविध प्रकार के सामाजिक- सांस्कृतिक आयोजन किए जा रहे हैं। इसके तहत आयोजित रक्तदान शिविर पुरुषों के साथ ही महिलाओं ने भी रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में देवेंद्र पाठक, विवेक दुबे, प्रदीप पाण्डेय, हर्ष शर्मा, किशोर तिवारी, विष्णुकांत शर्मा, प्रेम प्रकाश शर्मा, अभय तिवारी, सुमित पाठक, युवांश पाठक, साहिल, अंजू उपाध्याय, सुनीता पाठक, आशुतोष शर्मा, देवेंद्र पाठक, आदित्य शुक्ला, मनीष शर्मा, अमित मिश्रा, अनिमेष तिवारी, संदीप शुक्ला, अनिल हिरवानी, प्रतीक उपाध्याय, गिरीश तिवारी, अनुग्रह मिश्रा, आनंद गुप्ता, ओम पाण्डेय, घनश्याम पाठक समेत अन्य शामिल रहे। इस मौके पर परशुराम जन्मोत्सव आयोजन समिति के विवेक बाजपेयी, विनय शर्मा, राजकुमार तिवारी, अमित शुक्ला महर्षि बाजपेई, प्रतीक शर्मा, अनुराग पाण्डेय उपस्थित रहे।

## अक्षय तृतीया पर आज होंगे सामूहिक विवाह, कई जोड़ें बंधेंगे परिणय सूत्र में

**मेहंदी, संगीत के साथ ही निकाली जाएगी बारात, हल्दी की हुई रस्म**

बिलासपुर। शुक्रवार 10 मई को अक्षय तृतीया मनाई जाएगी। इस दिन शहर के कई स्थानों में सामूहिक विवाह आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें कई जोड़ें परिणय सूत्र में बंधेंगे। गुरुवार को हल्दी, हरदियाही की रस्में पूरी की गई। शुक्रवार को मेहंदी, संगीत कर बारात निकाली जाएगी। फिर विधि-विधान से विवाह संपन्न कराए जाएंगे।

शुक्रवार को अक्षय तृतीया के साथ ही परशुराम जयंती भी है। इससे इस दिन की महत्ता और बढ़ जाती है। दिन का स्वतः महत्व होने के कारण शादी के लिए शुभ मुहुर्त नहीं होने के बाद भी शहर के कई स्थानों में सामूहिक विवाह आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें कई जोड़ें दाम्पत्य सूत्र में बंधेंगे। यह आयोजन पूरे रीति-रिवाज के साथ संपन्न होंगे। मेहंदी, संगीत के साथ बाजे-गाजे के साथ बारात निकाली जाएगी। इसमें वर-वधु दोनों पक्ष के लोग शामिल होंगे। वहीं शहर की सामाजिक संस्थाएं इस आयोजन में अपना पूरा सहयोग कर रहे हैं। निर्धन मां-बाप के सपनों को पूरा करने कन्या दान में कपड़े, बर्तन, राशन का सामान सहित अन्य चीजें दे रहे हैं।




### अक्षय पुण्य की होती है प्राप्ति

अक्षय तृतीया के दिन पानी से भरे घड़ा, सत्तू दान देने का विधान है। यही वजह है कि लोग सप्ताह भर पहले से ही सुराही, घड़े की खरीददारी शुरू कर दिए हैं। बुधवार को बाजार में दिन भर हलचल रही। माना जाता है कि इस दिन दान करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। यही वजह है कि शुक्रवार को दिन भर दान-पुण्य करने का क्रम चलेगा।

### कन्यादान महायज्ञ आज



शोभा टाह फाउंडेशन द्वारा विगत 15 सालों से अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम "कन्यादान महायज्ञ" का आयोजन इस वर्ष भी किया जा रहा है । अनिल टाह अध्यक्ष शोभा टाह फाउंडेशन ने कन्याओं के विवाह के लिए आर्थिक रूप से असमर्थ मातापिता या परिजन को सहयोग करने के लिये 15 साल पहले एक सामूहिक विवाह कार्यक्रम करा जो आज तक अनवरत जारी है । इसमें आर्य सामाजिक तरीके से कन्याओं का विवाह कराया जाता है । इस वर्ष 10 जोड़ो का विवाह सांस्कृतिक मंच लक्ष्मी चौक चिंगराजपारा में आयोजित है ।

### हिन्दू रीति-रिवाज से संपन्न होगी शादी

देशहा श्रीवास समाज द्वारा श्रीवास भवन में 8 जोड़ों का आदर्श सामूहिक विवाह गायत्री परिवार द्वारा हिंदू रीति-रिवाज के साथ कराया जाएगा। गुरुवार को मंडपछादन, चूलमाटा, हरदियाही की रस्में पूरी की गई। शुक्रवार 10 मई को विधि-विधान से विवाह संपन्न कराए जाएंगे। वहीं इस आयोजन में पिछले वर्ष आयोजित सामूहिक विवाह में सहयोग करने वालों का श्रीवास समाज बिलासपुर संभाग द्वारा सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास, उपाध्यक्ष लक्ष्मी श्रीवास, सचिव चंद्रमणि, सहसचिव सुमित,

## आत्मिक ऊर्जा को मेडिटेशन से प्रतिदिन कर सकते हैं चार्ज : बीके छाया



**बिलासपुर।** ओम शांति सरोवर उसलापुर के तत्वावधान में बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन बच्चों में नैतिक मूल्य की धारणा एवं आध्यात्मिकता में उनकी रुचि पैदा करने के लिए किया गया है। शिविर का शुभारंभ गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र एवं सरस्वती वंदना कर किया गया।

उसलापुर सेवा केंद्र की मुख्य संचालिका बीके छाया दीदी ने बताया कि शरीर पांच तत्वों का बना हुआ है। इसे चलाने वाली चैतन्य ऊर्जा, शक्ति हमारे मस्तक के बीच एक सितारे के रूप में विराजमान है। इस आत्मिक ऊर्जा को हम प्रतिदिन मेडिटेशन द्वारा चार्ज कर सकते हैं।

**ओम शांति सरोवर उसलापुर में बाल व्यक्तित्व विकास शिविर शुरू**

### दिन की शुरूआत करें परमात्म चिंतन से

बीके हेमा बहन ने सुव्यवस्थित दिनचर्या की जानकारी देते हुए कहा कि हमें सुबह सूर्योदय से पहले जागना है। सुबह उठकर दिन की शुरुआत हमें परमात्म चिंतन एवं अच्छे विचारों से करना है। अपनी स्मरण शक्ति को अच्छा बनाने के लिए सुबह का समय मूल्यवान है। रात में अच्छी नींद लेने से सुबह हमारा मन फ्रेश रहता है। दिन के बीच-बीच में हमें अपने को परमात्मा से जोड़ना है अर्थात मेडिटेशन करना है। रात को सोने से पूर्व परमात्मा का धन्यवाद अवश्य करना है।

अंडर-19 इंटर डिस्ट्रिक्ट एलिट ग्रुप प्रतियोगिता रही रोमांचक

# ओम वैष्णव के हरफनमौला प्रदर्शन से बिलासपुर की शानदार जीत

स्पोर्ट्स न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा अंडर-19 इंटर डिस्ट्रिक्ट एलिट ग्रुप प्रतियोगिता का आयोजित की गई है। इसमें बिलासपुर ने अपना पहला मैच कोरबा के मध्य खेलने उतरी थी और पहले बल्लेबाजी करते हुए 323 रन बनाएं थे। जवाब में कोरबा ने पहले दिन 2 विकेट पर 29 रन बना लिए थे। प्रतियोगिता में गुरुवार को कोरबा 29 रनों से आगे खेलना प्रारंभ किया और ओम वैष्णव की घातक गेंदबाजी के बदौलत 46.4 ओवर में 130 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गई और बिलासपुर ने पहली पारी में 193 रनों की बढ़त बना ली। वहीं कोरबा को फॉलोऑन खेलना पड़ा। कोरबा की ओर से पहली पारी में विशेष सिंह ने 34 रन और जितेन्द्र साहू ने 21 रनों का योगदान दिया। बिलासपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए कप्तान ओम वैष्णव ने घातक गेंदबाजी करते हुए 17.4 ओवर में 28 रन देकर 7 विकेट प्राप्त किए। इसके अलावा उपेन्द्र यादव ने 2 विकेट और अंकित कुमार ने एक विकेट प्राप्त किया। इसके बाद कोरबा ने फॉलो ऑन खेलते हुए अपनी दूसरी पारी में 45.1 ओवर में 119 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गई। यह जानकारी क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल ने दी।



### बिलासपुर ने दर्ज की 74 रनों से जीत

कोरबा की ओर से जितेंद्र साहू ने 39 रन एवं धीरज गैवल ने 17 रन बनाए। बिलासपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए ओम वैष्णव ने दूसरी पारी में भी 14 ओवर में 15 रन देकर 5 विकेट लिए। इस तरह पूरे मैच में 12 विकेट प्राप्त किया। अखिलेश शर्मा ने 3 विकेट अंकित और कासिम ने एक-एक विकेट लिए। इस तरह बिलासपुर ने 74 रनों से जीत दर्ज की और 7 अंक हासिल करने में सफल हुई। मैच के निर्णायक अनिल सिंह व मोहम्मद दाऊद, स्कोरर विनोद देवघारे व आयुष ठाकुर, ऑब्जर्वर दलजीत सिंह सिडाना थे। बिलासपुर का दूसरा मैच 18 मई को रायपुर के आरडीसीए मैदान में बीएसपी के मध्य खेला जाएगा।

### अंतर विश्वविद्यालय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता पुरुष वर्ग का कैंप प्रारंभ

अंतर विश्वविद्यालय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता पुरुष वर्ग जो की बैंगलोर कर्नाटक में 13 से 18 मई तक आयोजित की जा रही है, जिसमें अटल बिहारी विश्वविद्यालय बिलासपुर की टीम भी भाग लेगी जिसके लिए इंटर कॉलेज प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ स्कूल मैदान में किया गया, जिसमें सर्वश्रेष्ठ 16 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। जिनका 5 दिवसीय कोचिंग कैंप 11 मई तक छत्तीसगढ़ स्कूल मैदान में लगाया गया है। टीम कोच मैनेजर अख्तर खान व सतीश गोयल के द्वारा खिलाड़ियों को शारीरिक मानसिक व मैच के लिए तैयार किया जा रहा है। विश्वविद्यालय की टीम में डीपी विप्र महाविद्यालय बिलासपुर से राहुल सिंह ठाकुर, देव वर्मा, शत्रुहान वर्मा, जे के कॉलेज से सागर बंजारे,दिव्येश श्रीवास विष्णु थवाईत डीएल एस महाविद्यालय से अंकुर रजक, पंकज बरेठ, भावेश मांडवी, अभय मंडल, विशाल बंजारे, राजवीर महानंदिया सहित अन्य खिलाड़ी शामिल हैं।




जय परशुराम
जय जय परशुराम
ॐ जामदग्न्याय विद्महे महावीराय धीमहि तन्नो परशुराम: प्रचोदयात्।।
भव्य शोभायात्रा
दिनांक 11 मई, शनिवार सायं 4 बजे
प्रारंभ - शीतला माता मंदिर दयालबंद
विप्र समागम, महाआरती एवं महाप्रसाद-देवकीनंदन दीक्षित शाला प्रांगण
आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं...
विनयावत् - परशुसेना
भगवान
परशुराम
जन्मोत्सव
की हार्दिक
शुभकामनाएं
पं. प्रशांत मिश्रा
मेसर्स- PMCC बिलासपुर
पं. शैलेष उपाध्याय
मेसर्स- जय हनुमान, बिलासपुर